सोमवार, 30 मार्च 2026

**मौसम**

तापमान 26 - 34
आर्द्रता 91%
सूर्योदय: 05:31 सूर्यास्त: 17:50

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** मुझे तो समस्त ऐसे साहित्य से आपत्ति है जो मात्र यही या वही करने की क़सम खाए हुए हो।



रोहित और रिकलटन ने मुंबई इंडियंस का 13 सत्र के पहले मैच में हार का सिलसिला खत्म किया पृष्ठ 8

# भवानीपुर-नंदीग्राम समेत 170 थानों के ओसी हटाए गए

## 11 वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 184 पुलिस अधिकारियों का तबादला

**कोलकाता :** चुनाव आयोग ने बंगाल में एक बार फिर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पुलिस महकमे में व्यापक स्तर पर बदलाव किया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर क्षेत्र से लेकर विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के नंदीग्राम तक, कुल 170 थानों के प्रभारी अधिकारियों (ओसी) को हटा दिया गया है। रविवार को जारी आदेश में आयोग ने राज्य पुलिस के 11 वरिष्ठ अधिकारियों को भी पद से हटाया। इस तरह एक ही दिन में कुल 184 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इस कार्रवाई को चुनाव के मद्देनजर निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कोलकाता के अलीपुर थाने में प्रियांकर चक्रवर्ती को नया ओसी नियुक्त किया गया है, जबकि एकबालपुर में दिलीप सरकार को जिम्मेदारी दी गई है। हरीदेवपुर में फैज अहमद, पर्णश्री में प्रसेंजित धर, मानिकतला में निरूपम नाथ और नारकेलडांगा में मनोज कुमार विश्वास को ओसी बनाया गया है। पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम थाने में शुभब्रत नाथ को नया ओसी नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे चंदननगर थाने में तैनात थे। इसके अलावा कांथी, खेजुरी, चंडीपुर, हल्दिया, कोलाघाट, तमलुक, एगरा और पटाशपुर जैसे कई थानों में भी ओसी बदले गए हैं। कूचबिहार जिले के शीतलकुची थाने में अभिषेक लामा को ओसी बनाया गया है। वहीं दिनहाटा, माथाभांगा, गोकसाडांगा, रायगंज, इटाहार, कालियागंज, करंदीघी, चोपड़ा और इस्लामपुर समेत कई थानों में भी फेरबदल किया गया है। इसके साथ ही आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात पिंटू मुखोपाध्याय को दार्जिलिंग का डीआइबी बनाया गया है। चुनाव आयोग की इस व्यापक कार्रवाई से राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में हलचल तेज हो गई है।

### 18 जिलों में 83 बीडीओ व एआरओ के तबादले किए

**कोलकाता :** निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल के 18 जिलों में 83 ब्लॉक विकास अधिकारियों (बीडीओ) और सहायक चुनाव अधिकारियों (एआरओ) का तबादला कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, इस व्यापक फेरबदल में कूच बिहार के दिनहाटा-दो से लेकर दक्षिण 24 परगना जिले के डायमंड हार्बर-एक और दो तक के ब्लॉक शामिल हैं, साथ ही रामनगर, नंदीग्राम-एक और दो, नानूर, लाभपुर, सूरी-एक, मोहम्मद बाजार, इलंबजार और मयूरेश्वर-एक भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि तबादलों से प्रभावित जिलों में कूच बिहार, जलपाईगुड़ी, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद, नदिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, हुगली, पूर्वी और पश्चिमी मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा, पूर्वी और पश्चिमी बर्धवान और बीरभूम शामिल हैं। चुनाव के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह निर्देश आयोग के नयी दिल्ली स्थित कार्यालय से जारी किया गया था। उन्होंने कहा, चुनाव से पहले प्रशासनिक निष्पक्षता सुनिश्चित करने और सभी को समान अवसर प्रदान करने के लिए ये तबादले किए गए हैं। इस तरह के उपाय चुनावी प्रक्रिया पर किसी भी स्थानीय प्रभाव को रोकने के लिए मानक प्रोटोकॉल का हिस्सा हैं। चुनाव से पहले अधिकारियों के तबादलों को लेकर राज्य सरकार और केंद्र के बीच जारी तनाव के बीच यह कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कई मौकों पर आरोप लगा चुकी हैं कि इस तरह के तबादले राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं।

## पुराने कृत्यों के लिए अमित शाह के खिलाफ 'चार्जशीट' दाखिल होनी चाहिए : ममता

- गृह मंत्री द्वारा तृणमूल सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी किए पर ममता ने किया पलटवार
- पुरुलिया में चुनावी रैली में बोलीं ममता- भाजपा सत्ता में आई तो महिलाओं के लिए 'लक्ष्मी भंडार' योजना बंद कर देगी



**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक चार्जशीट (आरोप पत्र) जारी किए जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके ''पुराने कृत्यों'' के लिए ''चार्जशीट'' दाखिल होनी चाहिए। ममता ने पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आती है तो वह महिलाओं के लिए शुरू की गई 'लक्ष्मी भंडार' योजना बंद कर देगी। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने यह भी आरोप लगाया कि यदि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो लोगों की खानपान संबंधी पसंद पर पाबंदियां लगा दी जाएंगी। ममता ने कहा, अगर भाजपा सत्ता में आती है तो लोग मछली, मांस और अंडे नहीं खा सकेंगे। भाजपा महिलाओं के लिए मासिक आर्थिक सहायता वाली 'लक्ष्मी भंडार योजना भी बंद कर देगी। ममता ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने भाजपा के इशारे पर बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के जरिए 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

### डॉक्टर की रिपोर्ट देखें: ममता ने शाह के 'पैर में चोट' के आरोप पर पलटवार किया

**पुरुलिया :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान लगी उनकी चोट के बारे में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह द्वारा की गई कथित टिप्पणी पर रविवार को नाराजगी जताते हुए उनसे वह मेडिकल रिपोर्ट देखने को कहा जिसमें उनके पैर की चोट की विस्तृत जानकारी है। एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा, लोग कह रहे हैं कि मैं चुनाव के दौरान पट्टी बांधकर घूमती हूं। मैं बार-बार मौत के मुंह से लौटी हूं। जाकर डॉक्टर की रिपोर्ट ले आओ। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, क्या आपने 2021 के चुनाव के दौरान जानबूझकर मेरे पैर में चोट पहुंचाई थी? मैंने व्हीलचेयर पर बैठकर चुनाव प्रचार किया था। क्या आप मुझे जान से मारने की योजना बना रहे हैं?

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## हम केरल में अगली सरकार बनाएंगे : प्रधानमंत्री मोदी

**पलक्कड़ (केरल) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूडीएफ और एलडीएफ दोनों पर निशाना साधते हुए उन पर ''दशकों तक भ्रष्टाचार करने और राजनीतिक अवसरवादिता में लिप्त होने'' का रविवार को आरोप लगाया। मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, दशकों से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने मिलकर केरल को लूटा है... इस व्यवस्था में हमारा केरल फंसा रहा है। मोदी ने कहा, कांग्रेस और वामपंथी दल एक-दूसरे पर झूठे आरोप लगाते हैं... आपको दोनों से सावधान रहना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि केरल ''बदलाव का संदेश भेज रहा है'', जिसमें युवाओं, महिलाओं और किसानों के बीच



भाजपा के लिए समर्थन बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन केरल में अगली सरकार बनायेगा। मोदी ने कहा, केरल में 'टीम भाजपा' और 'टीम राजग' मिलकर सरकार बनायेंगे। केरल की जनता के आशीर्वाद और आपके सहयोग से हम यहां सरकार बनाएंगे और केरल की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने केंद्रीय निधियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाते हुए कहा, यह पैसा आपका था, लेकिन उन्होंने इसे लूट लिया है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि दोनों मोर्चे भाजपा के उदय से भयभीत हैं और कहा कि उनके ''गलत काम उजागर हो जाएंगे।''

## विमानन कंपनियां 20 अप्रैल से उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराएंगी

**नयी दिल्ली :** विमानन कंपनियां 20 अप्रैल से सभी उड़ानों में कम से कम 60 प्रतिशत सीट बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराएंगी और साथ ही पारदर्शी सीट आवंटन नीति लागू करेंगी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने यह जानकारी दी। नागर विमानन मंत्रालय ने 18 मार्च को घोषणा की थी कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि विमानन कंपनियों को किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीट मुफ्त चयन के लिये आवंटित करने का निर्देश दें, ताकि यात्रियों को न्यायसंगत सुविधा मिल सके। इस संबंध में डीजीसीए ने 20 मार्च को संशोधित हवाई परिवहन परिपत्र जारी किया। डीजीसीए के एक अधिकारी ने बताया कि यह परिपत्र 20 अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। नियामक ने कहा कि विमानन कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें शुल्क रहित उपलब्ध कराई जाएं। परिपत्र के अनुसार, विमानन कंपनियों को अपनी सीट आवंटन नीतियों को पारदर्शी रखना चाहिए और अपनी बुकिंग वेबसाइट या ऐप पर शुल्क रहित सीटों की उपलब्धता और लागू शर्तों की स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। एक अधिकारी ने बताया कि विमानन कंपनियां नई निर्देशावली को लागू करने की तैयारी कर रही हैं। वर्तमान में, केवल 20 प्रतिशत सीट ही शुल्क रहित बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी के लिए शुल्क देना पड़ता है।

### सास-ससुर को गुजारा भत्ता देने के लिए बहू कानूनी रूप से बाध्य नहीं : इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 144 के तहत एक बहू अपने सास-ससुर को गुजारा भत्ता देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह ने कहा कि गुजारा भत्ते के दावे का अधिकार एक सांविधिक अधिकार है जो इस धारा में उल्लिखित व्यक्तियों के वर्गों तक ही सीमित है और सास-ससुर इस प्रावधान के दायरे में नहीं आते। अदालत ने कहा कि हालांकि यह एक नैतिक दायित्व प्रतीत हो सकता है, लेकिन इसे एक कानूनी अनिवार्यता की अनुपस्थिति में एक कानूनी दायित्व के तौर पर लागू नहीं किया जा सकता। बुजुर्ग दंपति राकेश कुमार और उनकी पत्नी द्वारा अपनी बहू के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने चार फरवरी को दिए निर्णय में कहा, विधायिका ने अपने विवेक से सास-ससुर को उक्त प्रावधान के दायरे में शामिल नहीं किया है। बुजुर्ग दंपत्ति ने आगरा की परिवार अदालत के प्रधान न्यायाधीश द्वारा अगस्त, 2025 में पारित आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। निचली अदालत ने भी गुजारा भत्ता की मांग वाले उनके आवेदन को खारिज कर दिया था। बुजुर्ग दंपत्ति की दलील थी कि वे बूढ़े, अनपढ़, दरिद्र और पूरे जीवन अपने मृतक बेटे पर पूरी तरह से निर्भर थे।

## विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च में भारतीय शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये निकाले

**नयी दिल्ली :** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में अब तक घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं। यह एफपीआई की भारतीय बाजार से सबसे बड़ी मासिक निकासी है। पश्चिम एशिया संघर्ष, कमजोर होता रुपया और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत की वृद्धि पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर विदेशी निवेशक आशंकित हैं, जिससे वजह से वे बिकवाली कर रहे हैं। इस महीने का एक कारोबारी सत्र अभी बचा है, जिससे निकासी का आंकड़ा और बढ़ सकता है। इससे पहले अक्टूबर, 2024 में एफपीआई ने एक महीने में सबसे अधिक 94,017 करोड़ रुपये की निकासी की थी। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही एफपीआई 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 1.27 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, 27 मार्च तक एफपीआई ने 1,13,380 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो 17 माह का उच्चस्तर है। बाजार भागीदारों का कहना है कि एफपीआई वैश्विक आर्थिक प्रतिकूल परिस्थितियों और बढ़ी हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितता के चलते बिकवाल बने हुए हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी, रुपये में लगातार गिरावट, खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले भारतीय द्वारा भेजे जाने वाले धन में कमी की आशंका और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के भारत की वृद्धि और कंपनियों के लाभ पर असर पड़ने की चिंता के चलते एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं।

## भारत के दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित निकले, एक दिन की रसोई गैस का भंडार

**नयी दिल्ली :** दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल चुके हैं और अगले कुछ दिन में इनके भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन जहाज पर देश के लगभग एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, जो लगभग 94,000 टन का एलपीजी कार्गो ले जा रहे हैं, सुरक्षित रूप से इस क्षेत्र से गुजर चुके हैं और भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं।'' जहां बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा रहा है



और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है। अमेरिका और इजराइल के हमलों और ईरान की व्यापक प्रतिक्रिया के कारण जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। यह संकीर्ण समुद्री मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि ''जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं।'' इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं।

### बिना मुकदमे के कारावास सजा के समान: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बिना मुकदमे के कारावास को सजा के समान बताते हुए हत्या के प्रयास के मामले में पंजाब के एक व्यक्ति को जमानत दे दी। अदालत ने यह भी कहा कि व्यक्ति दो साल से जेल में है, जबकि मुकदमे की सुनवाई तक शुरू नहीं हुई है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी वी वराले की पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि प्रदीप कुमार उर्फ बानू के खिलाफ फरवरी 2024 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने अभी तक मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी कोई सवाल-जवाब नहीं किए हैं। पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 11 जुलाई, 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। इसने 13 मार्च के अपने आदेश में कहा, ''अभियोजन पक्ष ने अपीलकर्ता के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी सवाल-जवाब नहीं किए हैं। इसलिए, मुकदमे को पूरा होने में कुछ समय लग सकता है।'' न्यायालय ने कहा कि कुमार की गिरफ्तारी को लगभग दो साल बीत चुके हैं, लेकिन न तो मुकदमा शुरू हुआ है और न ही इसके नतीजे आने की कोई उम्मीद है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ''बिना मुकदमे के कारावास सजा के समान है।'' मामले का समग्र रूप से अवलोकन करते हुए, न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मुकदमे की सुनवाई तक अपीलकर्ता को आगे हिरासत में रखना आवश्यक नहीं है; और, चूंकि अपील स्वीकार करने योग्य है, इसलिए अपीलकर्ता को जमानत दी जा सकती है।




# ईरान के साथ युद्ध को लेकर अमेरिका और यूरोप में ट्रंप का भारी विरोध

## 'नो किंग्स' रैलियों में शामिल हुए लाखों लोग



**नई दिल्ली :** ईरान के साथ युद्ध को लेकर पूरे अमेरिका और यूरोप में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप का कड़ा विरोध हो रहा है। शनिवार को हुई 'नो किंग्स' रैलियों में लाखों लोग इकट्ठे हुए और ट्रंप के उठाए गए कदमों का विरोध किया। मिनेसोटा इन प्रदर्शनों का मुख्य केंद्र रहा। सेंट पॉल में मिनेसोटा कैपिटल के लॉन और आस-पास की सड़कों पर हजारों लोग कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे। कुछ लोगों के हाथों में अमेरिका के उलटे झंडे थे, जो ऐतिहासिक रूप से संकट का संकेत माना जाता है। आयोजकों ने बताया कि सभी 50 राज्यों में 3,100 से अधिक कार्यक्रम रजिस्टर्ड किए गए। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने इसे वामपंथी फंडिंग नेटवर्क का नतीजा बताया। जैक्सन ने एक बयान में कहा, इसकी परवाह सिर्फ वे रिपोर्टर करते हैं, जिन्हें इन्हें कवर करने के लिए पैसे मिलते

### अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक पश्चिम एशिया क्षेत्र में पहुंचे

**दुबई :** पश्चिम एशिया में एक माह से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक इस क्षेत्र में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है। इसके अलावा, 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' के कम से कम 1,000 'पैराट्रूपर्स' को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं।

### इजराइल दक्षिणी लेबनान पर हमलों का दायरा बढ़ायेगा: नेतन्याहू

**इस्लामाबाद :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दक्षिणी लेबनान पर हमलों का दायरा बढ़ाने की रविवार को घोषणा की। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल लेबनान में ''मौजूदा सुरक्षा पट्टी'' का विस्तार करेगा क्योंकि इजराइली सेना ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह को निशाना बनाना जारी रखेगी। उत्तरी इजराइल की यात्रा के दौरान उन्होंने कहा, ''हम उत्तर में स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' उन्होंने कहा, हिजबुल्ला के पास अब भी हम पर रॉकेट दागने की क्षमता बची हुई है।

## कशिोरों के हति में ऐतहिासकि फैसला

अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक जूरी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के घातक प्रभावों से त्रस्त एक युवती के पक्ष में सुनाए गए ऐतिहासिक फैसले से दुनिया भर के अभिवावकों को राहत मिली है। दरअसल, सोशल मीडिया की लत लगाने से जुड़े एक मामले में मेटा और यूट्यूब पर 56 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि एक युवती ने मेटा और यूट्यूब पर आरोप लगाया था कि इनकी वजह से उसे सोशल मीडिया की घातक लत लगी। हालांकि, अब तक ये कंपनियां दलील देती रही हैं कि वे मात्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं और इसकी सामग्री के लिये जिम्मेदार नहीं हैं। लेकिन कोर्ट में वकीलों ने पीड़िता के पक्ष में दलील दी कि जानबूझकर इस तरह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं ताकि उपयोगकर्ता कथित सोशल मीडिया की लत के शिकार बन जाएं। शुरुआत से पहचान गुप्त रखने वाली बीस वर्षीय युवती केली के वकीलों की दलील को जूरी ने स्वीकार किया कि इस लत से उसकी मानसिक सेहत को नुकसान हुआ है। जूरी ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों की दलीलों को दरकिनार करते हुए मेटा और यूट्यूब पर साठ लाख अमेरिकी डॉलर यानी छप्पन करोड़ रुपये चुकाने का आदेश दिया है। जूरी ने माना कि गूगल तथा मेटा ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के संचालन में अपने मुनाफे के मद्देनजर अनुचित उपायों का सहारा लिया है। जूरी ने इसे अनैतिक भी बताया। जूरी के निर्णय के अनुसार इस मामले में जुर्माने की सत्तर फीसदी राशि मेटा तथा तीस फीसदी रकम गूगल को चुकानी होगी। उल्लेखनीय है कि पूरी दुनिया में इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के विरुद्ध हजारों मुकदमें चल रहे हैं। जिसमें कई वे लोग भी शामिल हैं जिनके बच्चों ने सोशल मीडिया की लत का शिकार होकर आत्मघाती कदम उठाये हैं। ब्रिटेन समेत कई देशों में अभिभावक इस लत से बच्चों को बचाने के लिये आंदोलन करते रहे हैं। यही नहीं, अमेरिका में ही विभिन्न अदालतों में सोशल मीडिया के घातक प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये सैकड़ों मामले चल रहे हैं।

विश्वास किया जा रहा है कि इस मुकदमे के फैसले का प्रभाव उन तमाम मामलों में भी पड़ सकता है, जो दुनिया के विभिन्न देशों में चल रहे हैं। हालांकि, दोषी पाये गए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के कर्ताधर्ता इस फैसले से असहमति जताते हुए इसके खिलाफ अपील करने की बात कर रहे हैं। उनकी दलील है कि किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव के अनेक अन्य कारण हो सकते हैं, जिसके लिये सिर्फ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यूट्यूब के अधिकारियों का कहना है कि ये सोशल मीडिया साइट नहीं, सिर्फ वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है। जबकि पीड़ित युवती के वकीलों की दलील थी कि मेटा आदि कंपनियों ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की संरचना ऐसी बनायी है कि किशोरों को इसकी आदत लग जाए। हकीकत ये है कि भारत समेत दुनिया के करोड़ों किशोर इसकी लत के शिकार बन रहे हैं। यही वजह है हफ्तों चले मुकदमे के दौरान बड़ी संख्या में किशोरों के अभिभावक वादी के पक्ष में अदालत के परिसर में मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस फैसले से पहले न्यू मेक्सिको में एक जूरी ने मेटा को इस बात के लिये जवाबदेह ठहराया कि उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्कों की सामग्री तक बच्चों की पहुंच बनी है, जिससे उनके जीवन में यौन अपराधियों का खतरा बढ़ गया है।, भारत समेत कई विकसित व विकासशील देशों में सोशल मीडिया से बच्चों के जीवन में पड़ने वाले घातक प्रभावों को लेकर चिंता सालों से बनी हुई है। लेकिन देश में इस बाबत कोई नियामक कानून न होने से कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आती। बच्चों की पढ़ाई खराब होने और उनके मानसिक रोगों से ग्रस्त होने की आशंका से अब अभिभावक आक्रोश व्यक्त करने लगे हैं। यही वजह है कि दुनिया के विकसित देशों में इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बच्चों को दूर रखने के लिए कानून बन रहे हैं। आस्ट्रेलिया के बाद फ्रांस और अब अन्य यूरोपीय देश भी इस दिशा में पहल कर रहे हैं ताकि एक निर्धारित आयु से ऊपर के बच्चे ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंच बना सकें।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 मार्च, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष द्वादशी, 07:10 तक, नक्षत्र : मघा, 14:47 तक, योग : शुला, 16:51 तक, सूर्योदय: 05:31, सूर्यास्त: 17:50, चन्द्रोदय : 15:29, चन्द्रास्त: 03:41, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 07:06 से 08:38

## राशिफल

**मेष :** लाभ भाव में बुधदेव की उपस्थिति का अर्थ है कि आपके संपर्कों और नेटवर्किंग के प्रयास अब ठोस परिणाम देने लगे हैं। आज आर्थिक संभावनाएं बहुत उज्ज्वल दिखाई दे रही हैं।

**वृष :** आपकी प्रतिष्ठा भाव में बुधदेव के होने से आपकी साख और सम्मान फिर से मजबूत हो रहा है। करियर से जुड़ा कोई पुराना संपर्क लाभदायक प्रस्ताव लेकर आपके पास वापस आ सकता है।

**मिथुन :** ज्ञान के भाव में बुधदेव का होना पक्का करेगा कि आपकी दीर्घकालिक रणनीतियां और अंतरराष्ट्रीय सहयोग अब फिर से पटरी पर आ जाएं। योजना बनाने के लिए आज के दिन का उपयोग करें।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन अच्छा रहने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी को नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना भी बन सकती है।

**सिंह :** सातवें भाव में बुधदेव के होने का अर्थ यह है कि आपके सहयोग और साझेदारियां अब आपकी सबसे बड़ी शक्ति हैं। आर्थिक संभावनाएं पेशेवर पुरस्कारों पर केंद्रित हैं।

**कन्या :** पेशेवर तौर पर आप एक दूरदर्शी विशेषज्ञ के रूप में उभर रहे हैं। छठे भाव में बुधदेव की स्थिति का मतलब है कि आपके काम करने का तरीका अब आपके सबसे मजबूत पक्ष हैं।

**तुला :** पेशेवर जीवन में आप एक रणनीतिक विश्लेषक के रूप में कार्य कर रहे हैं। आर्थिक संभावनाएं आंतरिक प्रबंधन पर केंद्रित हैं। आपकी दैनिक स्थिरता को बनाए रखें।

**वृश्चिक :** बुनियाद के भाव में बुधदेव की स्थिति का मतलब है कि आपकी आंतरिक प्रणालियां और होम-ऑफिस सेटअप अब आपके सबसे मजबूत उपकरण हैं।

**धनु :** पेशेवर रूप से आप दक्षता विशेषज्ञ के रूप में जाने जाएंगे। कौशल के भाव में बुधदेव की सीधी गति का अर्थ है कि प्रेसेंटेशन्स और तकनीकी कार्यप्रवाह अब आपकी सबसे बड़ी शक्ति हैं।

**मकर :** धन भाव में बुधदेव की उपस्थिति का मतलब है कि आपकी फाइनेंशियल बातचीत और रिसोर्स मैनेजमेंट अब आपके सबसे मजबूत उपकरण हैं।

**कुम्भ :** आपकी राशि में बुधदेव के होने का मतलब है कि आपका पर्सनल ब्रांड और कम्युनिकेशन स्टाइल अब आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं। आर्थिक गतिविधियां घर-आधारित खर्चों पर केंद्रित हैं।

**मीन :** अदृश्य भाव (बारहवें घर) में बुधदेव के होने का अर्थ है कि आपके पीछे के शोध और निजी रणनीतियां अब आपके सबसे मजबूत पक्ष हैं। फिजूलखर्ची करने से बचें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान दें।

# भारत में मत्स्य पालन स्टार्टअप्स परितंत्र



भारत के आर्थिक परिदृश्य में मत्स्य पालन क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण है। यह राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में योगदान देने के साथ-साथ तटीय, अंतर्देशीय और ग्रामीण समुदायों में लाखों लोगों की आजीविका का आधार भी है। हाल के वर्षों में, उत्पादन पर आधारित इस क्षेत्र में नवोन्मेषी विचारों के साथ उद्यमशीलता की प्रतिभाएं आने लगी हैं, जिससे मत्स्य पालन क्षेत्र में नए स्टार्टअप्स का एक बढ़ता हुआ परितंत्र विकसित हो रहा है। वर्ष 2015 से, सरकार ने मत्स्य पालन और जलीय कृषि में सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों और योजनाओं के माध्यम से 39,272 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मत्स्य पालन क्षेत्र में तेजी से हो रहे इस विस्तार की वजह से 300 से अधिक मत्स्य पालन स्टार्टअप्स सामने आए हैं, जो उत्पादकता बढ़ाने, और मूल्य श्रृंखला दक्षता में सुधार करने वाले नवीन, व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य समाधान विकसित करने के लिए ब्लॉकचेन, आईओटी और एआई का लाभ उठा रहे हैं। नवीन प्रौद्योगिकी समाधानों के माध्यम से मत्स्य पालन की मूल्य श्रृंखला चुनौतियों का समाधान करने के लिए समस्या कथनों का एक समूह निर्धारित किया गया है जो टिकाऊ स्रोतों से पौष्टिक और किफायती जलीय कृषि फ़ीड विकसित करने, एआई-संचालित सटीक खेती के माध्यम से जलीय कृषि स्थिरता को बढ़ाने, लचीली और समावेशी समुद्री खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करने, समुद्री खाद्य उद्योग में मूल्य को अधिकतम करते हुए अपशिष्ट को कम करने और टिकाऊ मत्स्य पालन के लिए पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करने पर केंद्रित है। प्रौद्योगिकी के समावेश से देश के मत्स्य पालन स्टार्टअप परिदृश्य में तेजी से बदलाव आ रहा है, जिससे मूल्य श्रृंखला में दक्षता, स्थिरता और बाजार पहुंच में सुधार हो रहा है। स्टार्टअप जल गुणवत्ता निगरानी, तालाब स्वास्थ्य प्रबंधन और वास्तविक समय पर्यावरणीय विश्लेषण के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) समाधानों को एकीकृत कर रहे हैं, जिससे इनपुट लागत कम हो रही है और सटीक मत्स्य पालन संभव हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) उपकरणों का उपयोग रोगों को लेकर पूर्वानुमान, बायोमास अनुमान, फ़ीड अनुकूलन और निर्णय-सहायता प्रणालियों के लिए तेजी से किया जा रहा है, जो किसानों को जोखिमों से निपटने और उपज में सुधार करने में मदद करते हैं। पुनर्संचारी मत्स्य पालन प्रणालियों (आरएएस), बायोफ्लॉक प्रौद्योगिकी और सेंसर-आधारित कृषि प्रबंधन प्रणालियों में नवाचार उच्च घनत्व, कम पानी और पर्यावरण-नियंत्रित खेती को सक्षम बना रहे हैं, जिससे संसाधन-सीमित क्षेत्रों में भी उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। भारत सरकार स्टार्ट-अप्स को कोल्ड-चेन लॉजिस्टिक्स, सौर ऊर्जा से चलने वाली चिलिंग यूनिट्स, स्मार्ट आइस-प्रोडक्शन सिस्टम और एआई-आधारित गुणवत्ता ग्रेडिंग में प्रगति के लिए प्रोत्साहित कर रही है ताकि किसी तरह की बर्बादी को कम किया जा सके और निर्यात लायक मानकों को बनाए रखा जा सके। समुद्री शैवाल की खेती की तकनीकें, आनुवंशिक सुधार उपकरण, कम प्रभाव वाले मछली पकड़ने के उपकरण और उपग्रह-आधारित पोत ट्रैकिंग और सलाहकार प्रणालियां जैसे उभरते क्षेत्र नवाचार के दायरे को और भी बढ़ा रहे हैं। ये सभी प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान मिलकर भारत में एक अधिक कुशल, लचीले और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी मत्स्य पालन क्षेत्र की नींव रख रहे हैं। भारत के मत्स्य पालन क्षेत्र में निगरानी, निर्णय लेने और कृषि दक्षता में सुधार के लिए ड्रोन तकनीक का तेजी से उपयोग किया जा रहा है। स्टार्टअप और अनुसंधान समूह तालाबों की त्वरित मैपिंग, जल गुणवत्ता मूल्यांकन, जैव द्रव्यमान अनुमान और शैवाल प्रस्फुटन या कम ऑक्सीजन वाले क्षेत्रों जैसी समस्याओं का शीघ्र पता लगाने के लिए ड्रोन का उपयोग कर रहे हैं। तटीय और समुद्री क्षेत्रों में, ड्रोन तटरेखा के पास निगरानी, मछली पकड़ने की गतिविधि की निगरानी और मछलियों के झुंड की आवाजाही के आकलन में सहायक होते हैं। भारत सरकार के मत्स्य विभाग ने जीवित मछलियों के परिवहन के लिए ड्रोन तकनीक विकसित करने हेतु आईसीएआर-सीआईएफआरआई को एक प्रायोगिक परियोजना सौंपी है। इस पहल के तहत, आईसीएआर-केंद्रीय अंतर्देशीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान, कोलकाता एक विशेष ड्रोन डिजाइन कर रहा है जो 10 किलोमीटर तक की दूरी पर 100 किलोग्राम जीवित मछलियों का भार ले जाने में सक्षम है। इससे मत्स्य पालन में तेज और अधिक कुशल अल्प दूरी के परिवहन के लिए नई संभावनाएं खुल रही हैं। क्षेत्रीय चुनौतियों के समाधान में स्टार्टअप्स की भूमिका को समझते हुए, सरकार ने मत्स्य पालन और जलीय कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लक्षित कार्यक्रम चलाए हैं। उद्यमियों को एक साथ लाने और उन्हें क्षेत्रीय अवसरों का मजबूती से फायदा उठाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, मत्स्य पालन विभाग ने मत्स्य पालन स्टार्टअप सम्मेलनों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। इन आयोजनों ने उभरते समाधानों को प्रदर्शित करने, सहयोग को बढ़ावा देने और मत्स्य पालन मूल्य श्रृंखला में नवाचार को मजबूत करने के लिए रोडमैप तैयार करने हेतु एक मंच के रूप में कार्य किया। इसी के अनुरूप, उत्पादकता, स्थिरता और बाजार पहुंच से संबंधित समाधान प्रस्तुत करने वाले स्टार्टअप्स की पहचान करने के लिए मत्स्य पालन स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज की शुरुआत की गई, जिसमें डिजिटल कृषि प्रबंधन उपकरणों से लेकर समुद्री खाद्य आपूर्ति श्रृंखला नवाचारों तक के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। चयनित स्टार्टअप्स को अनुदान, मार्गदर्शन और इनक्यूबेशन सहायता प्रदान की गई, जिसमें मत्स्य विभाग के क्षेत्रीय संस्थानों ने प्रायोगिक कार्यान्वयन, उद्योग संपर्क और निवेशक जुड़ाव को सुगम बनाया। पहले संस्करण की प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, नवाचार परितंत्र को और मजबूत करने के लिए एक दूसरा स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज शुरू किया गया, जिसके तहत चयनित स्टार्टअप्स को मत्स्य विभाग के क्षेत्रीय संस्थानों और मत्स्य अनुसंधान संगठनों, जिनमें आईसीएआर और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड शामिल हैं, के माध्यम से प्रारंभिक निधि और इनक्यूबेशन सहायता प्राप्त होती है। इसके अलावा, मत्स्य पालन विभाग मत्स्य मंथन नामक एक समानांतर ज्ञान-निर्माण व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन करता है। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन क्षेत्र में नवाचार परितंत्र को मजबूत करना है। यह विशेष श्रृंखला विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और अभ्यासकर्ताओं को उभरती प्रौद्योगिकियों, टिकाऊ प्रथाओं और क्षेत्रीय प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाती है। यह मंच संरचित ज्ञान साझाकरण को सक्षम बनाता है, साक्ष्य-आधारित नीति विकास का समर्थन करता है और यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि विज्ञान, उद्योग और स्टार्टअप से प्राप्त समझ क्षेत्र के विकास के लिए व्यावहारिक रणनीतियां बनाने में सहायक हो। मत्स्य पालन विभाग ने अब तक 11 सत्र आयोजित किए हैं। मत्स्य पालन विभाग ने मत्स्य पालन स्टार्टअप्स द्वारा व्यावसायिक मॉडल विकसित करने में मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु पांच मत्स्य पालन व्यवसाय इनक्यूबेशन केंद्रों की स्थापना का भी समर्थन किया है। इनमें एलआईएनएसी-एनसीडीसी मत्स्य पालन व्यवसाय इनक्यूबेशन केंद्र (एलआईएफआईसी), गुवाहाटी बायोटेक पार्क, असम, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद, आईसीएआर-केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान (सीआईएफई), मुंबई और आईसीएआर-केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईएफटी), कोच्चि शामिल हैं। ये सभी पहलें मिलकर एक अधिक गतिशील और भविष्य के लिए मत्स्य पालन स्टार्टअप परितंत्र को आकार दे रही हैं, जहां नवाचार, प्रौद्योगिकी और नीतिगत समर्थन मिलकर इस क्षेत्र का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। मजबूत संस्थागत समर्थन, बढ़ती उद्यमशीलता भागीदारी और सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता के साथ, भारत मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र में नए अवसरों को खोलने और दीर्घकालिक, टिकाऊ विकास को गति देने के लिए अच्छी स्थिति में है।

# पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचा तो प्रभावित क्षेत्रों के लिए और राहत पैकेज पर विचार कर सकती है सरकार

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर वर्गों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए और राहत पैकेज ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, सरकार पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कई कदम उठा चुकी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी राहत उपाय करने से पीछे नहीं हटेगी। सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल को इस कर से मुक्त कर दिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर आम लोगों पर कम पड़े। साथ ही, देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर फिर से शुल्क लगाया गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। इससे पहले सरकार ने निर्यातकों को उनकी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए कुछ रियायतें दी थीं। पश्चिम एशिया संकट के बाद से कारोबारी समुदाय की दिक्कतें बढ़ी हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि मौजूदा हालात में सरकार को सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों और परिवारों को तुरंत राहत देने की जरूरत है, साथ ही भविष्य की जरूरतों के लिए संसाधन भी तैयार करने होंगे।

### सरकार का प्रयास है कि प. एशिया में जारी युद्ध का भारत पर कम प्रभाव पड़े: मोदी

**पलक्कड़ (केरल) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का भारत पर कम से कम प्रभाव पड़े। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर ''राजनीतिक फायदे'' के लिए भारतीयों के जीवन को खतरे में डालने वाली ''खतरनाक'' टिप्पणियां करने का आरोप लगाया। मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के कई लोग संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, ''इस समय सभी का ध्यान पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर केंद्रित है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है कि भारत पर इसका कम से कम प्रभाव पड़े।'' राजनयिक प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा, ''युद्ध की शुरुआत से ही मैं इन सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ लगातार संपर्क में हूं। सभी राष्ट्र संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि विदेश में भारतीय दूतावास अपने नागरिकों की सहायता के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

### केरल: एफसीआरए विधेयक बना चुनावी मुद्दा; यूडीएफ और एलडीएफ इसे वापस लेने की कर रहे मांग

**तिरुवनंतपुरम :** केरल में विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) में प्रस्तावित संशोधन एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बनकर उभरा है तथा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) दोनों ने रविवार को केंद्र से विधेयक पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। विदेशी अंशदान को नियंत्रित करने वाले मौजूदा मानदंडों में संशोधन करने के लिए लोकसभा में पेश किए गए इस विधेयक की राज्य में राजनीतिक दलों और धार्मिक संगठनों द्वारा आलोचना की गई है। नेता प्रतिपक्ष वी. डी. सतीशन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र में प्रस्तावित परिवर्तनों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''विशेष चिंता का विषय वह प्रावधान है जो केंद्र सरकार को उन संगठनों की संपत्तियों पर नियंत्रण रखने में सक्षम बनाता है जिनके लाइसेंस के नवीनीकरण में देरी होती है या नवीनीकरण नहीं होता है।'' उन्होंने कहा कि इन संशोधनों ने विशेष रूप से अल्पसंख्यक-संचालित संगठनों और धर्मार्थ एवं सामाजिक सेवा गतिविधियों में लगे संस्थानों समेत अन्य लोगों के बीच भय पैदा कर दिया है।

### पंजाब में रैली के दौरान नायब सिंह सैनी ने आप-कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-दोनों वादे पूरे करने में विफल

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के शासन में नशाखोरी, अपराध, अराजकता और आर्थिक संकट जैसी समस्याएं अब भी व्याप्त हैं। पंजाब के कुराली में एक रैली को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों और मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार, दोनों अपने वादों को पूरा करने में विफल रहीं। उन्होंने कहा, ''आज हम ऐसे युग में जी रहे हैं जहां जागरूक जनता अवलोकन करती है, समझती है और अनुभव के आधार पर निर्णय लेती है... पंजाब की जनता ने पहले कांग्रेस पार्टी को और फिर आम आदमी पार्टी को मौका दिया। उन्होंने कहा, ''दोनों ने बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन आज पंजाब का हर वर्ग पूछ रहा है - वे वादे कहां गए और वह बदलाव कहां है जिसका वादा किया गया था?'' रैली को भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ और राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी संबोधित किया। पगड़ी पहने सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी खुद को ईमानदार बताती है, लेकिन उनके शासन में नशाखोरी, अपराध, अराजकता, आर्थिक संकट और बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसी समस्याएं अब भी व्याप्त हैं। इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 'सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत पर चलती है।

# बीजद सांसद ने निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति से इस्तीफा दिया



**भुवनेश्वर :** बीजू जनता दल (बीजद) सांसद सस्मित पात्रा ने रविवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति से इस्तीफा दे दिया। यह इस्तीफा ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक पर दुबे की टिप्पणी के विरोध में दिया गया। दुबे ने 27 मार्च को एक बयान में दावा किया था कि 1960 के दशक में बीजू पटनायक पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के बीच कड़ी थे। इस टिप्पणी के विरोध में पात्रा ने दुबे की अध्यक्षता वाली संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी समिति से इस्तीफा दे दिया, जबकि पार्टी के तीन अन्य सांसदों मानस मंगराज, सुभाशीष खुंटिया और मुजीबुल्ला खान (मुन्ना खान) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद की आलोचना करते हुए उन पर 'ओडिशा के गौरव का अपमान' करने का आरोप लगाया। वर्ष 1997 में बीजू पटनायक के निधन के बाद उनके बेटे नवीन पटनायक ने बीजू जनता दल (बीजद) की स्थापना की। वह 1961 से 1963 तक और 1990 से 1995 तक, दो बार ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे। बीजद ने दुबे के बयान को खारिज करते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की। बीजद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देबी प्रसाद मिश्रा ने कहा कि दुबे का बयान 'अशोभनीय, शरारतपूर्ण और एक देशभक्त का अपमान' था। मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''एक राजनीतिक दल के रूप में, हम उनके बयान की कड़ी निंदा करते हैं और उनसे माफी मांगने की मांग करते हैं।'' राज्यसभा के सभापति को 28 मार्च को लिखे पत्र में पात्रा ने कहा, ''विरोध में और सैद्धांतिक तौर पर, मैं श्री निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसद की स्थायी समिति से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं ऐसे व्यक्ति के अधीन काम नहीं कर सकता जो दिवंगत श्री बीजू पटनायक जी के बारे में इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी सार्वजनिक रूप से करे।'' पात्रा ने राज्यसभा के सभापति से अपना इस्तीफा स्वीकार करने और उसे लोकसभा अध्यक्ष को भेजने का भी अनुरोध किया, क्योंकि यह समिति लोकसभा के अधीन है। मीडिया को दिए अपने बयान में दुबे ने कहा था, ''अमेरिका ने तिब्बत पर चीन के कब्जे के डर से वहां अपनी सेना और सीआईए एजेंट भेजे थे। दलाई लामा और उनके भाई अमेरिकी सरकार के लगातार संपर्क में थे। नेहरू ने चीन से 1962 का पूरा युद्ध अमेरिकी धन और सीआईए एजेंटों के सहयोग से लड़ा था। ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री बीजू पटनायक अमेरिकी सरकार, सीआईए और नेहरू के बीच कड़ी का काम करते थे।'' दुबे ने यह भी कहा था कि ओडिशा का चारबतिया हवाई अड्डा, जिसमें बीजू पटनायक की महत्वपूर्ण भूमिका थी, यू2 विमानों का अड्डा था और इस हवाई अड्डे पर 1963 से 1979 तक अमेरिकी सेना तैनात थी।

## वर्ग पहेली नं. 3394

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | 19 | 20 | | 21 | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | 26 | | ■ | |
| | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| 29 | | | ■ | | ■ | 30 | | | ■ |

*बायें से दायें:-* 1) गुप्तचर, 3) हयादार, 6) चंद्रमा, 8) भस्म, 9) उजाड़, 11) तरीक़ा, 13) मारे हुए और घायल, 15) सूर्यकिरण, 17) प्रस्थान, 18) ब्याज, 19) लचीला, 22) गणनाकार्य, 24) सामंजस्यहीन, 25) बवंडर, 27) देखना, 28) आँसू बहाना, 29) पड़ोस, 30) उचित.

*ऊपर से नीचे:-* 1) गंगा, 2) भेदभावहीनता, 3) *रामायण* कालीन एक रामभक्त वनवासी स्त्री, 4) मुनाफ़ा, 5) रविवार, 7) शक्ति, 10) पथिक, 12) एक वीणापाणि देवर्षि, 14) कंठ, 16) मुसलमानी धर्मसूत्र, 18) उपाय, 20) पीपल, 21) दावाग्नि, 22) कृतज्ञता, 23) मुग्ध होना, 24) आतुर, 26) पुजापा, 28) प्रतिष्ठा; दबदबा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | र | फ़ | ■ | ■ | गु | ■ | गु | ■ | पै |
| ■ | ■ | स | ट | क | ना | ■ | र | बा | ना |
| के | र | ल | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ |
| व | ■ | ■ | क | ई | ■ | हा | ■ | ■ | ज़ो |
| ट | क | रा | व | ■ | अ | स | र | दा | र |
| ■ | र्त | ■ | ल | ■ | ■ | हा | ■ | स्ता | ■ |
| ■ | ब्य | य | ■ | सु | बा | ■ | स | न | की |
| फ़ाँ | ■ | ती | ■ | हा | र | जी | त | ■ | च |
| क | ल | म | ल | ना | ■ | ■ | त | पा | क |

## सुडोकू-पहेली-3352

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 2 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | |
| 6 | | 3 | 9 | | | 5 | | 2 |
| | 5 | | | | | 2 | | 4 |
| | | | 1 | | | 7 | | |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| 2 | | 8 | | | | | | |
| | 9 | | 7 | | | 3 | 4 | |
| | | | | 6 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3351 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 1 | 6 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 7 | 4 | 5 | 1 | 3 |

# भाजपा, हुमायूं कबीर की पार्टी धर्म के नाम पर वोट मांग कर समाज में दरार पैदा कर रही : अभिषेक



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को भाजपा और हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) पर आजीविका और भोजन जैसे बुनियादी मुद्दों को नजरअंदाज कर धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के नाओदा विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जहां 'मंदिर की राजनीति' कर रही है, वहीं कबीर 'मस्जिद की राजनीति' में शामिल हैं तथा विकास और रोजगार जैसे मुद्दों की उपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुर्शिदाबाद में जहां भाजपा रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान दंगे भड़काने की साजिश रच रही है, वहीं कबीर बाबरी मस्जिद की शैली की एक मस्जिद की नींव रखने के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।' बनर्जी ने संकल्प जताया कि वह और अन्य लोग व्यक्तिगत तौर पर अपने धर्म का पालन करेंगे। उन्होंने कहा, 'जो लोग मंदिर या मस्जिद के नाम पर वोट मांगते हैं, वे राजनीतिक, नैतिक और वैचारिक रूप से दिवालिया होते हैं।' बनर्जी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कबीर का भाजपा नेतृत्व के साथ एक गुप्त समझौता है और उन्हें मुस्लिम समुदाय की कोई चिंता नहीं है। रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान 27 मार्च को रघुनाथगंज और जंगीपुर में हुई झड़पों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'शांतिप्रिय लोगों के लिए राम संयम और त्याग के प्रतीक हैं। लेकिन भाजपा की रामनवमी में लोग शोभायात्राओं में तलवारें लहराते और खुलेआम शराब पीते नजर आए, जो सच्चे धर्म की भावना के खिलाफ है।' उन्होंने पूछा, 'बाद में इन्हीं लोगों ने दुकानों में तोड़फोड़ की और लूटपाट की। वे खुद को भगवान राम का सच्चा भक्त कैसे कह सकते हैं?'

## बंगाल चुनाव में कश्मीर-मणिपुर से आएंगी केंद्रीय बल की 200 से ज्यादा कंपनियां

**❑ लगभग 30,000 जवान बुधवार से चुनावी ड्यूटी में उतरेंगे**

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने जम्मू-कश्मीर और मणिपुर से केंद्रीय बलों की भारी तैनाती का फैसला किया है। जानकारी के मुताबिक, दोनों राज्यों से मिलाकर केंद्रीय बल की 200 से अधिक कंपनियां बंगाल लाई जा रही हैं, जिनमें लगभग 30,000 जवान बुधवार से चुनावी ड्यूटी में उतरेंगे।

आयोग सूत्रों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर से दो चरणों में कुल 174 कंपनियां और मणिपुर से 33 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। पूरे चुनाव के दौरान राच्य में कुल 2,400 कंपनियों की तैनाती की योजना है। फिलहाल 280 कंपनियां पहले से ही राच्य में मौजूद हैं, जो रूट मार्च और गश्त कर रही हैं। मंगलवार को और 300 कंपनियां पहुंचेंगी, जिनके जवानों की संख्या प्रति कंपनी 100 से 120 के बीच होती है। इन जवानों को बुधवार से चुनावी कार्यों में लगाया जाएगा। इसके बाद सात अप्रैल को एक और चरण में 300 कंपनियां राच्य में पहुंचेंगी, जिनमें से 107 कंपनियां जम्मू-कश्मीर से आएंगी। वहीं 10 अप्रैल को अगली खेप में मणिपुर से 33 कंपनियां और आएंगी। मंगलवार को आने वाली 300 कंपनियों में 125 कंपनियां सीआरपीएफ की होंगी।

इसके अलावा बीएसएफ, सीआइएसएफ, आइटीबीपी और एसएसबी की भी कुल 125 कंपनियां शामिल होंगी। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी हर बूथ पर केंद्रीय बलों की मौजूदगी में मतदान कराया जाएगा। राच्य में 80 हजार से अधिक मतदान केंद्र हैं।

आयोग ने साफ किया है कि किसी भी तरह का जोखिम नहीं लिया जाएगा और मतदाताओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने पहले ही प्रत्येक चरण में लगभग 2,500 कंपनियों को तैनात करने की प्रारंभिक योजना तैयार की है। इस संबंध में राच्य प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक भी की जा चुकी है। बंगाल की 294 विधानसभा सीटों पर 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना सोमवार को जारी की जाएगी।

## कोलकाता के भवानीपुर में भाजपा के पार्टी कार्यालय के निर्माण के खिलाफ टीएमसी ने चुनाव आयोग से की शिकायत

**❑ टीएमसी का आरोप- विवादित जमीन पर जबरन पार्टी कार्यालय का निर्माण कर रही है भाजपा**

**❑ भाजपा ने आरोपों को किया खारिज, तृणमूल की राजनीतिक हताशा करार दिया**




**कोलकाता :** कोलकाता के भवानीपुर में भाजपा के पार्टी कार्यालय के निर्माण को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने इसके खिलाफ निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर शिकायत की है तथा तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। टीएमसी का आरोप है कि भाजपा की ओर से विवादित जमीन पर पार्टी कार्यालय का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे तृणमूल की राजनीतिक हताशा करार दिया है। बता दें कि भवानीपुर सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सुवेंदु अधिकारी के बीच सीधा मुकाबला है, जिससे यह सीट राजनीतिक रूप से बेहद अहम बन गई है।

तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा है कि भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के अलीपुर स्थित 23बी, अनाथालय रोड की विवादित जमीन पर भाजपा की ओर से जबरन पार्टी कार्यालय का निर्माण किया जा रहा है। कोलकाता नगर निगम पहले ही इस जमीन पर किसी प्रकार के निर्माण पर रोक लगा चुका है, इसके बावजूद काम जारी है। यह मामला कलकत्ता हाई कोर्ट में भी लंबित है। इसलिए किसी भी प्रकार का निर्माण कानून का उल्लंघन है। साथ ही, आठ अक्टूबर 2025 को जारी निर्माण रोकने के नोटिस का भी उल्लंघन किया जा रहा है। पत्र में इस संबंध में अलीपुर थाने में मामला दर्ज होने की जानकारी भी दी गई है। आरोप है कि पुलिस द्वारा काम रोकने की कोशिश के दौरान तनाव की स्थिति बनी और मौके पर पहुंचे सुवेंदु अधिकारी ने कथित तौर पर पुलिस को धमकी दी।

# बंगाल चुनाव : एसआईआर के तहत 67 प्रतिशत मतदाताओं के लिए जांच पूरी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में 67 प्रतिशत वोटरों के लिए न्यायिक जांच पूरी हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि 40 लाख वोटरों के लिए न्यायिक जांच की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी हो गई थी। ये 40 लाख वोटर, 60 लाख से ज़्यादा कुल वोटरों में से लगभग 67 प्रतिशत हैं, जिन्हें तार्किक विसंगति श्रेणी के तहत वर्गीकृत किए जाने के बाद जांच के लिए भेजा गया था। जिन 40 लाख मामलों की न्यायिक जांच प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी हो गई थी, उनमें से कुल लगभग 18 लाख मामलों को बाहर किए जाने के योग्य माना गया है। इसका मतलब है कि जिन कुल मामलों की न्यायिक जांच प्रक्रिया पूरी हो गई थी, उनमें से लगभग 45 प्रतिशत मामले बाहर किए जाने के योग्य पाए गए हैं।

हालांकि, न्यायिक जांच प्रक्रिया के दौरान जिन्हें बाहर किए जाने योग्य पाया गया है, उनके पास इस उद्देश्य के लिए गठित 19 अपीलीय न्यायाधिकरणों में से किसी एक से संपर्क करने का विकल्प होगा। पश्चिम बंगाल में न्यायिक निर्णय के लिए भेजे गए 60 लाख मामलों को छोड़कर अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित की गई थी। यह तय किया गया था कि जांच प्रक्रिया की प्रगति के अनुसार पूरक सूचियां जारी की जाएंगी। पिछले साल नवंबर में पश्चिम बंगाल के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की अधिसूचना जारी होने से पहले, राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या 7,66,37,529 थी। पिछले साल दिसंबर में प्रकाशित वोटरों की मसौदा सूची में, कुल 58,20,899 नाम हटा दिए गए थे।

28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में, हटाए जाने वाले नामों की संख्या बढ़कर 63,66,952 हो गई। सीईओ के कार्यालय के एक सूत्र ने कहा कि न्यायिक निर्णय की वर्तमान गति को देखते हुए, यह कहा जा सकता है कि प्रक्रिया इस सप्ताह के भीतर आसानी से पूरी हो जाएगी। वर्तमान में, पड़ोसी राज्यों ओडिशा और झारखंड से 100-100 सहित 700 से अधिक न्यायिक अधिकारी न्यायनिर्णय प्रक्रिया में शामिल हैं, और वे इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को कराए जाएंगे। पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा, और दूसरे चरण में शेष 142 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

### शुभेंदु अधिकारी ने अमित शाह को देश का नया चाणक्य बताया

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को देश का नया चाणक्य बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा करने का श्रेय उन्हें दिया। उन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म करने में अमित शाह की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में हो रहे हैं - 23 और 29 अप्रैल को। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बहुत बड़े नेता हैं। वह देश के नए चाणक्य हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा किया और अनुच्छेद 370 को खत्म किया; केवल वही लोग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बोलते हैं जो देश के खिलाफ हैं..., अधिकारी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा।

## पश्चिम बंगाल के लोग टीएमसी के 15 साल के कुशासन को पूरी तरह खत्म करने जा रहे हैं : शहजाद पूनावाला

**हैदराबाद/कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने रविवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए, 15 साल के कुशासन, भ्रष्टाचार और आर्थिक गिरावट का ज़िक्र किया। उन्होंने 6,000 से ज़्यादा फैक्ट्रियों के बंद होने और चाय उद्योग में आ रही मुश्किलों की ओर इशारा करते हुए टीएमसी पर आरोप लगाया कि वह इन मुद्दों को सुलझाने के बजाय विक्टिम कार्ड खेल रही है और संस्थाओं को धमका रही है। पूनावाला ने भविष्यवाणी की कि पश्चिम बंगाल की जनता बदलाव के लिए वोट देगी और टीएमसी के शासन को खत्म कर देगी। पत्रकारों से बात करते हुए पूनावाला ने कहा, पिछले पंद्रह सालों से, पश्चिम बंगाल पर कुशासन, भ्रष्टाचार और कम्युनिस्ट सरकार का राज रहा है। दुख की बात यह है कि अपनी पंद्रह साल की सरकार का रिपोर्ट कार्ड देने के बजाय, तृणमूल कांग्रेस सिर्फ़ विक्टिम कार्ड और नफ़रत का कार्ड खेल सकती है। उन्हें यह बताना चाहिए कि पश्चिम बंगाल में छह हज़ार से ज़्यादा फैक्ट्रियां क्यों बंद हो गई हैं। पश्चिम बंगाल में चाय के बागानों को इतनी सारी समस्याओं का सामना क्यों करना पड़ रहा है? लेकिन इन सवालों के जवाब देने के बजाय, एक बार फिर, चुनाव आयोग, संवैधानिक पदों और सीआरपीएफ को धमकाना तृणमूल कांग्रेस की आम कार्यप्रणाली बन गई है। अब पश्चिम बंगाल की जनता इस पंद्रह साल के कुशासन को पूरी तरह से खत्म करने जा रही है।

## तृणमूल कार्यालय में कैरम खेलने के आरोप में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के तीन कर्मी निलंबित



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के सूरी स्थित तृणमूल कांग्रेस कार्यालय के अंदर कथित तौर पर कैरम खेलते हुए वायरल हुए एक वीडियो के बाद निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के तीन कर्मियों को निलंबित कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा, 'फिलहाल इन तीनों कर्मियों को चुनाव ड्यूटी से हटा दिया गया है। हमने घटना की जांच शुरू कर दी है। वीडियो रिकॉर्डिंग की प्रामाणिकता की गहन जांच की जा रही है।' यह अनुशासनात्मक कार्रवाई शनिवार को वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर की गई है, जिसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल का एक कर्मी सूरी स्थित तृणमूल कांग्रेस कार्यालय के अंदर तीन स्थानीय युवकों के साथ कैरम खेलते हुए, एक अन्य कर्मचारी खड़ा और तीसरा कुर्सी पर बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि, 'समाज्ञा' वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका है।

# श्यामपुकुर में टीएमसी का शक्ति प्रदर्शन, शशि पांजा ने पथुरिया घाट में किया जनसंपर्क



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में राज्य सरकार की मंत्री और श्यामपुकुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की उम्मीदवार शशि पांजा ने पथुरिया घाट इलाके में जोरदार चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और आगामी चुनाव में समर्थन की अपील की। प्रचार अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे, जिससे इलाके में चुनावी माहौल और गर्म हो गया।

शशि पांजा ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में विकास कार्य तेजी से हुए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि टीएमसी सरकार ने हर वर्ग के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ पार्टियां केवल चुनाव के समय ही जनता के बीच आती हैं, जबकि टीएमसी हमेशा लोगों के साथ खड़ी रहती है। पांजा ने दावा किया कि श्यामपुकुर क्षेत्र में जनता का समर्थन उनके पक्ष में है और इस बार भी टीएमसी की जीत सुनिश्चित है। चुनाव प्रचार के दौरान स्थानीय मुद्दों जैसे जल निकासी, सड़क सुधार और नागरिक सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जीत के बाद इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मियों के बीच सभी दल अपनी-अपनी ताकत झोंक रहे हैं और आने वाले दिनों में प्रचार और तेज होने की संभावना है।

# टुम्पा कयाल भाजपा में शामिल, चुनाव लड़ने की अटकलें तेज

## कहा, 'मैं भ्रष्ट सरकार को हराऊंगी'



**कोलकाता :** आर.जी.कर पीड़िता की मां ने अपनी मर्ज़ी से भाजपा जॉइन की है। वह पानीहाटी विधानसभा सीट से उम्मीदवार भी बन गई हैं। इस बार कामदुनी रेप कांड के प्रदर्शनकारियों में से एक टुम्पा कोयल भाजपा में शामिल हो गई हैं। रविवार को साल्ट लेक में बीजेपी पार्टी ऑफिस में लॉकेट चटर्जी ने उन्हें पार्टी का झंडा थमाया। बीजेपी जॉइन करने के बाद टुम्पा ने कहा, 'मैं भ्रष्ट सरकार को हराऊंगी।' हालांकि, अभी यह पता नहीं चला है कि वह उम्मीदवार होंगी या नहीं।

21 मार्च को टुम्पा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य से मिलने गई थीं। उन्होंने कुछ देर बात की। तभी से टुम्पा के भाजपा में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे। आखिरकार रविवार को उन कयासों पर विराम लग गया। इस दिन टुम्पा के साथ उखरा आदर्श हिंदी हाई स्कूल के हेडमास्टर प्रवीण कुमार सिंह और आईबी की रिटायर्ड जॉइंट असिस्टेंट डायरेक्टर शरवरी भट्टाचार्य भी भाजपा में शामिल हो गईं। गौरतलब है कि 2013 में नॉर्थ 24 परगना के कामदुनी की एक कॉलेज स्टूडेंट के साथ कुछ बदमाशों ने गैंगरेप किया और बेरहमी से उसकी हत्या कर दी थी। उसकी लाश एक खाली जगह से मिली थी। इस घटना से पूरे राज्य में हंगामा मच गया था। गांव वाले आरोपियों को सजा देने की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए थे। जोरदार विरोध और प्रदर्शन शुरू हो गए थे। इस आंदोलन में दो हाउसवाइफ सबसे आगे थीं। उनमें से एक टुम्पा थीं। दूसरी मौसमी कयाल थीं।

वह अभी न्यूटाउन में रहती हैं। हालांकि, वह कामदुनी आती-जाती रहती हैं। इसी दिन टुम्पा भाजपा में शामिल हुईं और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के खिलाफ लड़ने की कसम खाई। उन्होंने कहा, 'मुझे जान से मारने की धमकी दी गई क्योंकि मैं आंदोलन कर रही थी, मेरे घर के सामने बम फेंका गया। 2024 में मेरे पति को मारने की कोशिश की गई। इस बार मैं महिलाओं के खिलाफ हिंसा के खिलाफ लड़ूंगी। मैं भ्रष्ट सरकार को हराऊंगी। इसीलिए मैं भाजपा में शामिल हुई।' हालांकि, टुम्पा ने इस दिन उम्मीदवार बनने के बारे में कुछ नहीं कहा। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो वह मध्यमग्राम से चुनाव लड़ना चाहेंगी।

### भाजपा में शामिल हुईं कई प्रमुख हस्तियां, लॉकेट चटर्जी ने किया स्वागत

भाजपा के सॉल्ट लेक स्थित कार्यालय में रविवार को भाजपा पश्चिम बंगाल की महासचिव एवं पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। लॉकेट चटर्जी ने कहा कि राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए कई प्रतिष्ठित लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर उखड़ा आदर्श हिंदी हाई स्कूल के पूर्व प्राचार्य प्रवीण कुमार सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली। इसके अलावा, सेवानिवृत्त जॉइंट असिस्टेंट डायरेक्टर (आई.बी.) और पूर्व सहायक पुलिस आयुक्त सर्बरी भट्टाचार्य भी भाजपा में शामिल हुईं। लॉकेट चटर्जी ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और अराजकता का समाधान केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि इसी कारण समाज के शिक्षित और बुद्धिजीवी वर्ग के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं।


**एसएमवीटी, बेंगलुरु-मालदा टाउन-एसएमवीटी, बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन**

आगामी **ग्रीष्मकाल** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **06565/06566 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु (एसएमवीबी)-मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु (एसएमवीबी) स्पेशल** ट्रेन नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिनों एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी :

| सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु-मालदा टाउन स्पेशल | | | (06565)(06566) | मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| रविवार | - | 23.40 | ↓ एसएमवीटी, बेंगलुरु | 12.45 | - | शुक्रवार |
| सोमवार | 12.50 | 13.00 | विजयवाड़ा | 22.45 | 22.55 | गुरुवार |
| | 07.15 | 07.25 | खड़गपुर | 00.45 | 00.55 | |
| मंगलवार | 09.51 | 09.56 | डानकुनी | 21.50 | 21.55 | बुधवार |
| | 11.21 | 11.24 | बर्द्धमान | 20.51 | 20.54 | |
| | 13.04 | 13.09 | रामपुरहाट | 17.58 | 18.03 | |
| | 16.30 | - | मालदा टाउन ↑ | - | 16.00 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में कृष्णराजपुरम, बंगारपेट जंक्शन, जोलारपेट्टै जंक्शन, कटपडी जंक्शन, रेनीगुंटा जंक्शन, गुडूर जंक्शन, ओंगोल, राजामंड्री, दुव्वाडा, कोत्तवलसा जंक्शन, विजयनगरम जंक्शन, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, बालुगाँव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, भद्रक, बालेश्वर, आंदुल, बोलपुर शांतिनिकेतन एवं न्यू फरक्का जंक्शन स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिन: सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु से - 06565** दिनांक 05/04, 12/04, 19/04, 26/04, 03/05, 10/05, 17/05, 24/05, 31/05, 07/06, 14/06, 21/06, 28/06, 05/07 एवं 12.07.2026 (रविवार) = 15 ट्रिप तथा **मालदा टाउन से - 06566** दिनांक 08/04, 15/04, 22/04, 29/04, 06/05, 13/05, 20/05, 27/05, 03/06, 10/06, 17/06, 24/06, 01/07, 08/07 एवं 15.07.2026 (बुधवार) = 15 ट्रिप। **गठन:** वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सह वातानुकूलित 2-टीयर-01, वातानुकूलित 2-टीयर-02, वातानुकूलित 3-टीयर-02, शयनयान श्रेणी-09, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-04 एवं एसएलआरडी-02 = 20 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# कांग्रेस ने जारी की 284 उम्मीदवारों की लिस्ट, अधीर रंजन बहरमपुर से लड़ेंगे चुनाव

**दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 294 विधानसभा सीटों में से 284 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। दस सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान अभी नहीं किया गया है। कांग्रेस द्वारा जारी की गई इस लिस्ट में पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी का नाम भी शामिल है। वह बहरमपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, मौसम नूर मालतीपुर से चुनाव लड़ेंगी। प्रदीप प्रसाद को भवानीपुर से उम्मीदवार बनाया गया है, जहां ममता बनर्जी ने पिछले चुनाव में जीत हासिल की थी। अली इमरान रम्ज उर्फ विक्टर को उत्तर दिनाजपुर के चाकुलिया से फिर से मैदान में उतारा गया है। दिवंगत कांग्रेस नेता सोमेन मित्रा के पुत्र रोहन मित्रा को बल्लीगंज से मैदान में उतारा गया है। नंदीग्राम सीट पर पार्टी के युवा चेहरे शेख जरियातुल हुसैन पर भरोसा जताया गया है।

2024 लोकसभा चुनाव में टीएमसी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अकेले उतर रही है। वहीं, भाजपा और टीएमसी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीटें हैं। राज्य में दो चरणों में मतदान हो रहा है। 23 और 29 अप्रैल को मतदान होने वाला है जबकि मतगणना 4 मई को होगी। इससे पहले पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा था कि पार्टी हर निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार उतारने का इरादा रखती है। उन्होंने कहा था कि पार्टी ममता बनर्जी के खिलाफ भी उम्मीदवार को मैदान में उतारने से गुरेज नहीं करेगी। उन्होंने कहा था कि भवानीपुर से चुनाव लड़ने वाला हर उम्मीदवार हमारे लिए एक बड़ा नेता होगा। हम सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार उतार रहे हैं और कोई भी सीट खाली नहीं छोड़ेंगे। शुक्रवार को ही दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक हुई थी, जिसमें वरिष्ठ नेताओं ने उम्मीदवार चयन पर विस्तृत चर्चा की थी। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, एआईसीसी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल और पश्चिम बंगाल के कई नेता शामिल हुए थे। अब कांग्रेस ने 294 विधानसभा सीटों में 284 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

### अधीर रंजन की उम्मीदवारी पर सुकांत मजूमदार का तंज, बोले... जीत की संभावना नहीं

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। बहरमपुर सीट से कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की उम्मीदवारी पर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सुकांत मजूमदार ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी एक अनुभवी और पुराने नेता हैं, लेकिन पिछले चुनावों में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। उन्होंने याद दिलाया कि लोकसभा चुनाव में भी अधीर रंजन को भाजपा के मजबूत उम्मीदवार के सामने हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने दावा किया कि जिस बहरमपुर विधानसभा सीट से अधीर रंजन चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं, वहां पहले से ही भाजपा का विधायक है और पार्टी की स्थिति मजबूत है। ऐसे में इस सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच ही देखने को मिलेगा। मजूमदार ने आगे कहा कि अधीर रंजन चौधरी की मौजूदगी से कांग्रेस के वोटों का बंटवारा होगा, जिसका सीधा फायदा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को मिल सकता है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा हालात में अधीर रंजन चौधरी के जीतने की कोई संभावना नजर नहीं आती। पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच भाजपा और टीएमसी के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है, जबकि कांग्रेस इस बार अकेले मैदान में उतरकर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बहरमपुर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला चुनाव को दिलचस्प बना सकता है, लेकिन अंतिम परिणाम स्थानीय समीकरणों और मतदाताओं के रुझान पर निर्भर करेगा।






सुजीत बोस ने रविवार को बिधाननगर विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र चुनाव प्रचार के दौरान रोड शो किया।



बालुरघाट: बिद्युत कुमार रॉय ने रविवार को बालुरघाट में आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार किया।



नैना बंद्योपाध्याय ने रविवार को चौरंगी विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव के मद्देनज़र प्रचार के दौरान महिला समर्थकों का अभिवादन किया।

## दिलीप घोष ने मुर्शिदाबाद में हुई झड़प के लिए ममता को जिम्मेदार ठहराया

**पश्चिम मेदिनीपुर :** भाजपा नेता और खड़गपुर सदर से उम्मीदवार दिलीप घोष ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर राम नवमी के मौके पर मुर्शिदाबाद में दो समुदायों के बीच हुई झड़प के लिए आरोप लगाया। घोष ने मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक तनाव के लिए मुख्यमंत्री को ज़िम्मेदार ठहराया। भाजपा नेता ने कहा, मुर्शिदाबाद में उन्होंने (जनता को) धमकी दी थी, जिससे दंगे भड़के। सीएए और वक्फ बिल पास होने के बाद मुर्शिदाबाद में जो अराजकता फैली, उसके लिए कौन ज़िम्मेदार है? ममता बनर्जी मुख्यमंत्री थीं; सत्ता उनके हाथों में थी। उन्हें जवाब देना होगा कि हिंदुओं को मुर्शिदाबाद से मालदा क्यों भागना पड़ा।

यह तब हुआ जब शनिवार को ममता बनर्जी ने विपक्ष से कहा कि वे राम नवमी के मौके पर मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में हुई झड़प के लिए उन्हें दोष न दें, और इसके लिए राज्य चुनावों से पहले पुलिस अधिकारियों के तबादले का हवाला दिया। पश्चिम बर्धमान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग द्वारा तबादला किए गए पुलिस अधिकारियों पर दंगे भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मुझे दोष मत दो। मेरे सारे अधिकार छीन लिए गए हैं। सभी अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इगझ के लोगों को यहाँ भेजा गया है। लेकिन उन्हें नहीं पता कि जीत हमारी ही होगी। रघुनाथगंज में दंगे भड़काए गए। उन्हें शर्म आनी चाहिए। उन्हें (अधिकारियों को) यहाँ इसलिए भेजा गया है ताकि वे दंगे भड़का सकें। रघुनाथगंज में दुकानों में तोड़फोड़ की गई। किसी के घर में तोड़फोड़ करने का अधिकार तुम्हें किसने दिया? रघुनाथगंज में दंगे भड़काने का अधिकार तुम्हें किसने दिया? इन सबका हिसाब लिया जाएगा।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नेता सभी धर्मों और जातियों के लोगों के साथ कई त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा, मेरे लोग भी राम नवमी, दुर्गा पूजा, काली पूजा, छठ पूजा, क्रिसमस और ईद मनाते हैं। हम सभी धर्मों और जातियों के लोगों के साथ मिलकर त्योहार मनाते हैं, चाहे वे हिंदू हों, मुस्लिम हों, ईसाई हों, सिख हों या पारसी। राम नवमी के जुलूस के दौरान मुर्शिदाबाद के रघुनाथगंज में तीन अलग-अलग जगहों पर दो समुदायों के बीच झड़प हो गई थी। हिंसा और भड़क गई, जिसमें दुकानों और प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं शामिल थीं, और कई लोग घायल हो गए। इसके बाद केंद्रीय बलों और स्थानीय पुलिस ने इलाके का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया।

## बंगाली अभिनेता की समुद्र में डूबने से मौत

**कोलकाता :** लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी की रविवार को ओडिशा के तलसरी समुद्र तट पर डूबने से मौत हो गयी। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने इसकी जानकारी दी । वह 43 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी प्रियंका सरकार और उनका 13 साल का बेटा है। बनर्जी के सह कलाकार दिगंता बागची ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा के पास स्थित इस समुद्र तट पर 'भोले बाबा पार करेगा' नामक एक बंगाली धारावाहिक की शूटिंग के लिए गए थे। बागची ने कहा, आज की शूटिंग के बाद वह अकेले पानी में गए, लेकिन किसी तरह पानी के नीचे किसी चीज़ में उलझ गए सटीक परिस्थितियां स्पष्ट नहीं हैं।'' उन्होने बताया कि अचानक क्रू सदस्य समेत अन्य लोग चिल्लाने



लगे कि राहुल डूब रहे हैं। हम उन्हें पानी से बाहर निकालकर दीघा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पश्चिम बंगाल पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी राज्य ओडिशा के समुद्र तट से लाए जाने के बाद अभिनेता को दीघा अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सीएम ममता ने व्यक्त किया शोक

राहुल अरुणोदय बनर्जी के निधन पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शोक व्यक्त किया है। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि मुझे यह जानकर गहरा सदमा लगा है कि प्रतिभाशाली, युवा और लोकप्रिय अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी अचानक हमारे बीच से चले गए हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या हुआ है। वे मेरे पसंदीदा अभिनेता और इंसान थे। ममता बनर्जी ने लिखा कि मैं उनके शोक संतप्त परिवार, परिजनों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। राहुल का अचानक निधन बंगाली अभिनय जगत, टॉलीवुड और टेलीवुड के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

## भाजपा प्रत्याशी पर वोटरों को पैसे देने का आरोप, लक्ष्मण ने दी प्रतिक्रिया

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर वेस्ट सीट से भाजपा कैंडिडेट लक्ष्मण घोरुई पर अपने कैंपेन के दौरान वोटर्स को पैसे बांटने का आरोप लगा है। इस आरोप को लेकर रविवार सुबह छुट्टी के दिन इंडस्ट्रियल शहर की पॉलिटिक्स गरमा गई। तृणमूल का दावा है कि वह इस तरह से वोटर्स को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा का जवाब है कि तृणमूल अपनी संस्कृति को भाजपा की तरफ धकेलने की कोशिश कर रही है। कहा जा रहा है कि यह घटना वार्ड नंबर 18 के शालबागान इलाके में चुनाव प्रचार के दौरान हुई। कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। हालांकि, वीडियो की असलियत अभी ऑनलाइन वेरिफाई नहीं हुई है। इस बारे में भाजपा कैंडिडेट लक्ष्मण घोरुई ने कहा, यह देखना मेरा काम नहीं है कि कौन क्या कह रहा है। तृणमूल का कल्चर पैसे बांटना, लोगों को डराना और चुनाव के दिन वोटर कार्ड छीन लेना है। हमारा काम नरेंद्र मोदी के नारे फैलाना है। बंगाल अपनी पुरानी परंपराओं और संस्कृति की ओर लौटेगा। मोदीजी के नेतृत्व में बंगाल का विकास होगा। उस बंगाल में, दुर्गापुर में इंडस्ट्री होगी। तृणमूल डिस्ट्रिक्ट कमेटी के सेक्रेटरी उत्तम मुखर्जी ने जवाब देते हुए कहा, जो आप करना चाहते हैं, वह करना ठीक नहीं है। भाजपा 2014 से देश में सत्ता में है। वह अभी भी वही कर रही है जो आप करना चाहते हैं। और कैंडिडेट बाल्टियों में पानी भरकर ले जा रहा है, किसी की जेब में पैसे भर रहा है। यह काम नहीं करता। हम एडवर्टाइज करेंगे, अगर आपको बुजुर्गों के घर पानी पहुंचाने के लिए किसी की जरूरत है, तो कैंडिडेट को फ्री में कॉल करें।

### भाजपा सरकार में बंगाल विकास से रूबरू होगा : गौरीशंकर घोष



**मुर्शिदाबाद :** पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव को लेकर टीएमसी और भाजपा नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। भाजपा नेता गौरीशंकर घोष ने सीएम ममता बनर्जी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा बंगाल में लूटने के लिए नहीं बल्कि बंगाल को संवारने के लिए आई है। हमारा मकसद बंगाल में सत्ता पर काबिज होना नहीं है, हमारा मकसद बंगाल को विकास से रूबरू करवाना है। सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया है कि भाजपा बंगाल में लूटने के लिए आई है। बंगाल के विकास से भाजपा को कुछ भी लेना-देना नहीं है। ममता बनर्जी के बयान पर जवाब देते हुए भाजपा नेता गौरीशंकर घोष ने तृणमूल कांग्रेस पर सत्ता में रहते हुए पिछले 15 सालों में पश्चिम बंगाल को लूटने का आरोप लगाया और कहा कि उसके शासन में राज्य पतन की ओर चला गया है। उन्होंने दावा किया कि भले ही केंद्र की मोदी सरकार ने राज्य को काफी मदद दी, लेकिन टीएमसी नेताओं ने उन संसाधनों का गलत इस्तेमाल किया। घोष ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य एक मज़बूत भारत बनाने के विजन के तहत राज्य को सोनार बांग्ला में बदलना है। भाजपा नेता ने कहा कि ममता बनर्जी को अपनी जमीन खिसकती नजर आ रही है, इसीलिए वे जनता को गुमराह करने के लिए झूठे बयान दे रही हैं। लेकिन, बंगाल की जनता समझदार है, वह उनके झूठे दावों और बयानों में फंसने वाली नहीं है। दूसरी ओर सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान आपने जानबूझकर मेरे पैर में चोट पहुंचाई थी। फिर भी मैंने व्हीलचेयर पर बैठकर चुनाव प्रचार किया। ये सिर्फ चरित्र हनन नहीं है, ये मुझे जान से मारने की साजिश है। लेकिन आप ये कहावत तो जानते ही हैं, 'अगर कृष्ण रक्षा करें तो भला किसे नुकसान?' अपराधी हमेशा अपने अपराध के निशान छोड़ जाते हैं। बताते चलें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 294 सीटों पर लड़ा जाए गा। चुनाव आयोग के अनुसार, दो चरण में मतदान कराए जाएंगे। मतदान संपन्न होने के बाद 4 मई को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## शाह का बंगाल की तृणमूल सरकार पर घुसपैठियों को शह देने का आरोप सही : संजय सरावगी

**पटना/कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय सरावगी ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उन आरोपों का समर्थन किया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार 'घुसपैठियों' को पनाह दे रही है और सीमा पर बाड़ लगाने में बाधा डाल रही है।

सरावगी ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'शाह का आकलन बिल्कुल सही है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पश्चिम बंगाल में रोहिंग्या और बांग्लादेशियों सहित घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान कर रही है।' उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे तत्व राज्य के निवासियों के लिए निर्धारित संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे थे।

सरावगी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल सरकार घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए तत्पर है। ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस दोनों को इसके परिणाम भुगतने होंगे, जो चार मई को आने वाले चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। भाजपा राज्य में सरकार बनाएगी।' शाह ने शनिवार को ममता बनर्जी सरकार पर केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से राज्य 'घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा असुरक्षा के लिए एक प्रमुख गलियारा' बन गया है। बिहार के उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने भी शाह की टिप्पणियों का समर्थन किया।

उन्होंने कहा, 'शाह ने सीमा पर बाड़ लगाने का मुद्दा बिल्कुल सही उठाया है। पश्चिम बंगाल की सीमा बांग्लादेश से लगती है और पड़ोसी देश से घुसपैठिए इसका फायदा उठाते हैं।'



कोलकाता के एमसीसीआई कॉन्फ्रेंस हॉल में शनिवार को आयोजित विशेष सत्र इवैल्युएटिंग आईपीओ रेडीनेस - प्रिपरेशन्स एंड एक्सपेक्टेशन्स के दौरान एमसीसीआई के काउंसिल ऑन लीगल एंड कॉरपोरेट गवर्नेंस के चेयरमैन बिजय मुर्मुरिया, काउंसिल ऑन कैपिटल मार्केट के चेयरमैन गिरधारी लाल गोयनका, संजय बांका (सीएफओ, सेंको गोल्ड) और सुनील सिंघी (पार्टनर, वी सिंघी) मौजूद रहे।

## नागरिक स्वास्थ्य संघ ने किया 102 नागरिकों के नेत्र में मोतियाबिंद का ऑपरेशन

❑ सेवाकार्य में रामगोपाल अग्रवाल परिवार के सहयोग की सराहना



**कोलकाता :** नागरिक स्वास्थ्य संघ के निःशुल्क नेत्र आपरेशन शिविर का उद्घाटन समाजसेवी रामगोपाल अग्रवाल ने किया। प्रमुख अतिथि श्री श्री कुमार बंद्योपाध्याय (रिटायर्ड ए डी जी - सीमा सुरक्षा बल), कृष्ण कुमार सिंघानिया, दिनेश अग्रवाल, नंदकिशोर, शुभांकर अग्रवाल, नन्द किशोर बाहेती एवं अतिथियों का स्वागत संघ के सचिव विकाश चंद चांडक, आलोक दमानी, अविनाश गुप्ता, गोवर्धन मूंधड़ा, अशोक दुजारी, विकास जयसवाल, बसन्त (झबरू) दुजारी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। पुष्पा देवी अग्रवाल की स्मृति में पायनियर पैकेजिंग इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड के सहयोग से सेवा शिविर में 102 नागरिकों के नेत्र में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। एस के बंद्योपाध्याय एवं अतिथियों ने परोपकार की भावना से नेत्र चिकित्सा के लिये संघ के अध्यक्ष कुन्ज बिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष बिनोद गुप्ता, इन्द्र कुमार डागा के मार्गदर्शन में संचालित संघ नेत्रालय का भ्रमण कर नागरिक स्वास्थ्य संघ के सेवाभावी कार्यकर्ताओं की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। संजय मूंधड़ा, पवन बागड़ी, गणेश प्रसाद लाखोटिया, राजकुमार कोठारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

## साइकिल से समुद्र तट संरक्षण का संदेश

**गंगासागर :** देशभर में समुद्र तटों के संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश फैलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के वाराणसी निवासी युवक शुभम पाल ने एक अनूठी पहल की है। साइकिल पर सवार होकर भारत के विभिन्न तटीय क्षेत्रों की यात्रा करते हुए वह अंततः गंगासागर स्थित कपिलमुनि आश्रम पहुंच गए।

शुभम पाल ने बताया कि उन्हें फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरणा मिली। शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने देश की तटीय रेखाओं के साथ साइकिल यात्रा शुरू की। उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को समुद्र तटों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

इस लंबी यात्रा में शुभम के साथ केवल उनकी साइकिल ही रही। रास्ते में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वह स्वयं ही अपनी साइकिल की मरम्मत कर आगे बढ़ते रहे। पश्चिम बंगाल पहुंचने पर उन्हें



यहां चल रही चुनावी प्रक्रिया की जानकारी मिली, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने लोगों के बीच शारीरिक व्यायाम और स्वस्थ रहने का संदेश देना जारी रखा।

उन्होंने यह भी बताया कि फिट इंडिया ऑन साइकिल कार्यक्रम उन्हें विशेष रूप से पसंद है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत संचालित इस पहल का उद्देश्य साइकिल चलाने को बढ़ावा देना, प्रदूषण कम करना और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना है।

उत्तर प्रदेश से अपनी यात्रा शुरू कर शुभम ने गुजरात समेत देश के कई तटीय इलाकों का भ्रमण किया और अंततः पश्चिम बंगाल पहुंचे। गंगासागर के सागर द्वीप पर पहुंचकर उन्होंने अपनी इस यात्रा को सफल बताया।

समुद्र तट संरक्षण और स्वस्थ जीवन का संदेश देने वाली शुभम पाल की यह अनोखी पहल लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गई है और व्यापक सराहना प्राप्त कर रही है।

## श्री राम जानकी ट्रस्ट ने अखंड रामायण पाठ का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कस्बा इलाके में श्री राम जानकी ट्रस्ट की ओर से अखंड रामायण पाठ, कीर्तन और कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक जावेद अहमद खान भी उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को और मजबूत बनाने का संदेश दिया। कस्बा श्री राम जानकी ट्रस्ट द्वारा इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम पिछले 20 वर्षों से आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रहती है। इस कार्यक्रम में वार्ड 67 के पार्षद विजय लाल मुखर्जी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कस्बा श्री राम जानकी ट्रस्ट के अध्यक्ष संदीप सिंह, बृजेश सिंह, संदीप प्रसाद, मनोज राजभर, पप्पू जायसवाल, कृष्णा शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, भिखारी चौधरी, वरुण सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सुजीत सिंह, विनोद सिंह और सुबोध चौधरी समेत कई गणमान्य लोगों को ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया गया।

## रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की दो समर स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा**

रेलवे ने कोलकाता-मऊ तथा मालदह टाउन-एसएमवीबी बेंगलुरु के बीच समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए यशवंतपुर-कटिहार-यशवंतपुर स्पेशल ट्रेन की सेवा को भी जारी रखने का फैसला किया गया है। जानकारी के अनुसार 05096 मऊ-कोलकाता स्पेशल मऊ से प्रत्येक बुधवार को 08 अप्रैल 2026 से 15 जुलाई 2026 के बीच कुल 15 फेरे लगाएगी।

यह ट्रेन 13:30 बजे मऊ से प्रस्थान कर अगले दिन 08:50 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में 05095 कोलकाता-मऊ स्पेशल कोलकाता से प्रत्येक गुरुवार को 09 अप्रैल 2026 से 16 जुलाई 2026 के बीच (कुल 15 फेरे) 13:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 07:45 बजे मऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर ठहरेगी। ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर क्लास तथा वातानुकूलित कोच उपलब्ध रहेंगे।

इसी प्रकार, 06565 एसएमवीबी बेंगलुरु-मालदह टाउन स्पेशल प्रत्येक रविवार को 05 अप्रैल 2026 से 12 जुलाई 2026 के बीच कुल 15 फेरे संचालित की जाएगी। यह ट्रेन रात 23:40 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु से प्रस्थान कर तीसरे दिन 16:30 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। वापसी में 06566 मालदह टाउन-एसएमवीबी बेंगलुरु स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 08 अप्रैल 2026 से 15 जुलाई 2026 के बीच (कुल 15 फेरे) 16:00 बजे मालदह टाउन से प्रस्थान कर तीसरे दिन 12:45 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में न्यू फरक्का, रामपुरहाट, बोलपुर, वर्दवान और डानकुनी स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में भी सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर क्लास और वातानुकूलित कोच की सुविधा उपलब्ध होगी।

## पूर्व रेलवे की पहल: ट्रेनों में 'ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस' से यात्रियों को मिल रहा स्वच्छ और आरामदायक सफर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपनी ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) व्यवस्था को व्यापक रूप से लागू किया है। इस पहल के तहत यात्रा के दौरान कोचों की नियमित सफाई, एसी कोचों में बेडरोल वितरण और यात्रियों की आवश्यकताओं की त्वरित पूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पूर्व रेलवे द्वारा संचालित कुल 123 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में से 102 पात्र ट्रेनों को ओबीएचएस योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है। इस व्यवस्था के तहत आरक्षित कोचों में सफाई के लिए समर्पित कर्मियों की तैनाती की गई है, जो यात्रा के दौरान कोचों की साफ-सफाई बनाए रखने के साथ-साथ एसी कोचों में बेडरोल वितरण का कार्य भी करते हैं। यात्रा शुरू होने के बाद ओबीएचएस कर्मचारी यात्रियों से संपर्क कर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देते हैं। सभी आरक्षित कोचों में विशेष स्टिकर लगाए गए हैं, जिन पर डिविजनल कैरेज कंट्रोल के मोबाइल नंबर अंकित हैं। इन नंबरों के माध्यम से यात्री सफाई, ताजा बेडरोल या पानी जैसी सेवाओं के लिए सीधे संपर्क कर सकते हैं।

पूर्व रेलवे के अनुसार, रात 22:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक ट्रेनों में विशेष गहन सफाई अभियान भी चलाया जाता है ताकि यात्रियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। इसके साथ ही ओबीएचएस टीम यात्रा के दौरान किसी भी समय यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार रहती है। सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए क्लीन रेल ऐप का उपयोग किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अनुबंधित सफाई कर्मियों की उपस्थिति प्रारंभिक और अंतिम स्टेशनों के साथ-साथ यात्रा के दौरान भी दर्ज की जाती है। इसके अतिरिक्त कैरेज कंट्रोल ओबीएचएस सुपरवाइजर के मोबाइल फोन के माध्यम से यात्रियों से संपर्क बनाए रखता है और सेवाओं की गुणवत्ता की निगरानी करता है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ओबीएचएस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और डिजिटल निगरानी के माध्यम से यात्रियों को बेहतर और परेशानी-मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नंदीग्राम से भाजपा को फिर मिलेगी जीत : धर्मेंद्र प्रधान

**❑ कहा – नंदीग्राम केवल विधानसभा सीट नहीं, बल्कि बंगाल में परिवर्तन की सोच का प्रतीक है**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम का दौरा किया और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करने के बाद भरोसा जताया कि आगामी चुनाव में यहां एक बार फिर 'कमल' खिलेगा। उन्होंने कहा कि नंदीग्राम केवल एक विधानसभा सीट नहीं, बल्कि पूरे राज्य में बदलाव की भावना का प्रतीक बन चुका है। प्रधान ने कहा



कि यह क्षेत्र राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी का गढ़ माना जाता है और यहां के लोग आज भी भाजपा तथा उनके नेतृत्व पर अटूट विश्वास रखते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनता के बीच सक्रिय रूप से जाने और पूरे जोश के साथ चुनावी अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नंदीग्राम की राजनीतिक और ऐतिहासिक पहचान पूरे देश में अलग स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और बदलाव की आवाज को मजबूती दी है। प्रधान ने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को जनता की समस्याओं को समझते हुए उनके बीच लगातार संपर्क बनाए रखना चाहिए और राज्य में परिवर्तन के लिए मजबूती से काम करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि नंदीग्राम करीब एक दशक पहले भूमि अधिग्रहण आंदोलन के कारण राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आया था और पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2021 के दौरान यह राज्य की सबसे चर्चित सीटों में से एक बन गया था। उस चुनाव में सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कड़े मुकाबले में पराजित किया था। तब से नंदीग्राम सीट बंगाल की राजनीति का अहम केंद्र बनी हुई है और हर चुनाव में इस क्षेत्र पर पूरे राज्य की नजर रहती है।

## कोलकाता में नाबालिग बेटी के सामने पत्नी की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**❑ नशे का आदी है आरोपित, पैसे मांगने से इन्कार करने पर दिया घटना को अंजाम**

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता के कस्बा इलाके में एक व्यक्ति ने रविवार तड़के नाबालिग बेटी के सामने पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित ने भागने की कोशिश की, लेकिन पड़ोसियों ने उसे पकडक़र पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान बिनोद सिंह के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि आरोपित अक्सर नशे की हालत में घर लौटता था और पत्नी स्वप्ना सिंह से पैसे की मांग करता था। अगर वह पैसे देने से मना कर देती थी, तो वह घर में हंगामा खड़ा कर देता था। वह अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट भी करता था।

बिनोद शनिवार रात करीब 10 बजे घर लौटा। घर में घुसते ही उसने तुरंत स्वप्ना से 4,000 रुपए मांगे। हालांकि पत्नी ने उसे पैसे देने से मना कर दिया। इस इन्कार से गुस्सा होकर उसने हंगामा करना शुरू कर दिया और थोड़ी देर बाद घर से चला गया। बिनोद रविवार तड़के फिर से घर लौटा। स्वप्ना कमरे में सो रही थी। आरोप है कि बिनोद ने अचानक एक चाकू से अपनी पत्नी के पेट में बार-बार वार करना शुरू कर दिया। महिला की चीखें सुनकर पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने आरोपित को तब पकड़ लिया जब वह भागने की कोशिश कर रहा था। इसके बाद पड़ोसियों ने



गंभीर रूप से घायल महिला को सुबह करीब 5.30 बजे चित्तरंजन मेडिकल कालेज और अस्पताल पहुंचाया। अस्प-ताल में इलाज के दौरान स्वप्ना ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पुष्टि की कि घटना की सूचना कस्बा पुलिस स्टेशन को सुबह करीब 6.30 बजे दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। बिनोद को पुलिस स्टेशन लाया गया, जहां बाद में उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। जांचकर्ताओं ने महिला की बेटी से घटना का पूरा विवरण जुटाया। पुलिस फिलहाल इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस घटना के पीछे कोई और भी वजह थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला के परिवार ने एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## चुनाव से पहले हावड़ा के तेलकल घाट इलाके से दो कच्चे बम बरामद, इलाके में सनसनी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के तेलकल घाट इलाके से दो कच्चे बम बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। रविवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि गंगा घाट के पास सड़क किनारे झाड़ियों में संदिग्ध वस्तुएं पड़ी हुई हैं। सूचना मिलते ही हावड़ा थाने की पुलिस और हावड़ा सिटी पुलिस के खुफिया विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड को भी सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल से दो कच्चे बम बरामद किए। चुनाव से पहले बम मिलने की इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत और चर्चा का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि बम वहां किसने और किस उद्देश्य से रखे थे।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समीक भट्टाचार्य पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सॉल्ट लेक स्थित भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनते हुए।

## भाजपा ने ममता सरकार पर साधा निशाना, लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जनता पार्टी, पश्चिम बंगाल ने रविवार को कोलकाता स्थित अपने ऐतिहासिक राज्य मुख्यालय 6, मुरलीधर सेन लेन में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी उप-स्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि किसी भी लोकतंत्र की मूल आधारशिला विरोध का अधिकार है और विपक्ष का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करे। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। उन्होंने बताया कि नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को अब तक 104 से अधिक बार रैली और जनसभा



आयोजित करने के लिए अदालत की अनुमति लेनी पड़ी है, साथ ही उन्हें 11 महीनों के लिए विधानसभा से निलंबित भी किया गया।

उन्होंने वर्ष 2021 में नंदीग्राम में जीत के बाद सुवेंदु अधिकारी पर हुए हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी गाड़ी पर पेट्रोल डालकर जान से मारने की कोशिश की गई थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस को नंदीग्राम में उनके खिलाफ उम्मीदवार ढूंढने में कठिनाई हो रही है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि सुवेंदु अधिकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहते थे और इसी संदर्भ में वे भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं तथा पार्टी कार्यालय में चुनाव चिह्न प्राप्त करने पहुंचे। उन्होंने 6, मुरलीधर सेन लेन स्थित कार्यालय के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह कार्यालय पार्टी की आत्मा और प्राण है, जहां हरिपद भारती, तपन शिकदर सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने कार्य किया है। उन्होंने बताया कि चुनाव चिह्न प्राप्त करने के बाद सुवेंदु अधिकारी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिसके बाद वे भवानीपुर के लिए रवाना होंगे।

इस बीच, सुवेंदु अधिकारी ने घोषणा की कि वे सोमवार दोपहर 12 बजे हल्दिया में नंदीग्राम विधानसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष, उत्तर प्रदेश के मंत्री जेपीएस राठौर तथा हल्दिया और महिषादल के पार्टी उम्मीदवार उप-स्थित रहेंगे।

## गोरखालैंड मुद्दे से लेकर शासन तक: दार्जिलिंग पर्वतीय क्षेत्र का नए राजनीतिक दौर में प्रवेश

**दार्जिलिंग :** दार्जिलिंग में सड़कों, पर्यटक स्थलों और कल्याणकारी योजनाओं के संकेत चिह्नों के साथ लगती दीवारों पर 'हमें गोरखालैंड चाहिए' के नारे की अब धुंधली तस्वीरें ही दिखाई देती है, जो इस बात का साफ संकेत है कि कैसे पर्वतीय क्षेत्र की राजनीति अलग राज्य के सपने से हटकर अब शासन में रोजमर्रा की मांगों पर केंद्रीत हो रही है। उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और कुर्सियोंग में दशकों से राजनीति एक अलग गोरखालैंड राज्य की मांग के वादे के इर्द गिर्द घूमती है जो दशकों से क्षेत्र के लोगों से भावनात्मक रूप से जुड़ी है। यह आकांक्षा आज भी जीवित है लेकिन अब यह पर्वतीय क्षेत्र में राजनीति की एकमात्र भाषा नहीं रह गई है। पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले पर्वतीय क्षेत्र में एक गहरा बदलाव देखने को मिल रहा है। राजनीतिक मान्यता की पुरानी मांग अब कुछ अन्य मजबूत मांगों के साथ जुड़ गई है जैसे कि सड़कों की मरम्मत कौन करेगा, पर्यटन को कौन पुनर्जीवित करेगा, पीने के पानी की व्यवस्था कौन करेगा, स्कूलों और अस्पतालों में सुधार कौन करेगा, चाय बागानों में मजदूरी कौन बढ़ाएगा और कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन का प्रवाह कौन बनाए रखेगा? नतीजतन पर्वतीय इलाकों में गोरखालैंड के सपने और उसे साकार करने की राजनीति के बीच टकराव के कारण वर्षों में सबसे जटिल चुनावी मुकाबला देखने को मिल रहा है। एक स्तर पर यह चुनाव राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस – भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच एक



मुकाबला है। तृणमूल समर्थित अनित थापा के नेतृत्व वाली बीजीपीएम मतदाताओं को यह समझाने की कोशिश कर रही है कि अंतहीन आंदोलनों का दौर समाप्त हो चुका है और अब पर्वतीय इलाकों को विकास की जरूरत है। इसके उलट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक बार फिर 'स्थायी राजनीतिक समाधान' के भावनात्मक विचार में फिर जान डालने की कोशिश कर रही है और यह तर्क दे रही है कि सड़कें, कल्याण और पर्यटन परियोजनाएं गोरखा पहचान के अनसुलझे प्रश्न का विकल्प नहीं बन सकती हैं। कुर्सियोंग के एक चाय बागान के कर्मचारी ने कहा, 'पहले लोगों ने गोरखालैंड के सपने के लिए वोट दिया था। अब वे यह भी जानना चाहते हैं कि उनके गांव के लिए सड़क की मरम्मत कौन करेगा।' पश्चिम बंगाल में 1980 के दशक में गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट (जीएनएलएफ) के हिंसक आंदोलन से लेकर बिमल गुरुंग के गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) के उदय तक, पर्वतीय क्षेत्र की राजनीति लंबे समय से अलग राज्य के अधूरे वादे से प्रेरित रही है। भाजपा का 2009 के बाद इस परिदृश्य में पदार्पण हुआ। एक के बाद एक चुनाव में उसने जीजेएम और बाद में जीएनएलएफ के समर्थन से दार्जिलिंग लोकसभा सीट बरकरार रखी, साथ ही 'स्थायी राजनीतिक समाधान' का वादा भी किया। हालांकि बार-बार किए गए वादों के पूरा नहीं होने से लोगों में निराशा पैदा हुई है, और इन वादों के प्रति उनका आकर्षण भी कम हुआ है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने इस निराशा को और बढ़ा दिया है। हालांकि, इन सबके बीच तृणमूल कांग्रेस ने खुद को इस रणनीति में बड़ी चतुराई से ढाल लिया है। पहले के चुनाव में जहां तृणमूल कांग्रेस को मुख्य रूप से एक 'मैदानी' पार्टी के रूप में देखा जाता था और गोरखा मतदाताओं के बीच उसकी पकड़ बहुत कम थी, लेकिन इसके विपरीत अब वह बीजीपीएम के साथ अपने गठबंधन और अपनी कल्याणकारी योजनाओं की बढ़ती पहुंच का लाभ उठाने की कोशिश कर रही है। भाजपा का मानना है कि तृणमूल-बीजीपीएम गठबंधन गोरखालैंड की भावना की गहराई को कम आंक रहा है। यही कारण है कि पार्टी ने एक बार फिर पुराने सहयोगियों, पुराने प्रतीकों और पुराने वादों का सहारा लिया है। बिमल गुरुंग के नेतृत्व वाले जीजेएम गुट ने दार्जिलिंग जिले की सभी सात विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की और कहा कि केवल भाजपा ही स्थायी राजनीतिक समाधान दे सकती है। भाजपा का संदेश भी उतना ही सरल है: पहचान के बिना विकास अधूरा है। दशकों में पहली बार होगा जब पर्वतीय क्षेत्र के लोग केवल गोरखालैंड के सपने पर ही नहीं बल्कि इस बात पर भी मतदान करने जा रहे हैं कि कौन प्रशासन की जिम्मेदारी निभा सकता है – यह एक सपने की राजनीति और उसे साकार करने की राजनीति के बीच का मुकाबला है।

## तमलुक-कांथी के चुनाव मैदान में दिखेगा 'अधिकारी फैक्टर', भाजपा-तृणमूल आमने सामने

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में पूर्वी मेदिनीपुर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच मुकाबला तेज हो गया है, जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री शिशिर अधिकारी के परिवार के दबदबे और उनकी राजनीतिक निष्ठा में बदलाव क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण चुनावी कारक बन गया है। कभी इस क्षेत्र में वाम-विरोधी राजनीति का एक मजबूत स्तंभ रहा 'अधिकारी परिवार' तृणमूल कांग्रेस का एक स्तंभ बना और अब यह परिवार भाजपा के साथ जुड़ चुका है। इनमें शिशिर के बेटे एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, पूर्व सांसद दिव्येंदु और वर्तमान में कांठी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे सौमेंदु अधिकारी भी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में तमलुक, कांथी (उत्तर) और कांथी (दक्षिण) निर्वाचन क्षेत्र में कांटे की टक्कर देखने को मिली थी, जब राजनीतिक निष्ठा और पिछले एक दशक में परिवार की राजनीतिक स्थिति में आए बदलाव के प्रभाव ने लोगों का ध्यान आकृष्ट किया था। तटीय क्षेत्र में तमलुक विधानसभा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण निर्णायक सीट के रूप में उभरा है, जहां कांटे की टक्कर और तृणमूल कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होने की उम्मीद है। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के डॉ. सौमेन कुमार महापात्रा ने भाजपा के हरेकृष्ण बेरा को महज 793 वोट से हराकर सीट बरकरार रखी, जिसके बाद यह राज्य के सबसे करीबी मुकाबलों में से एक बन गया। इस सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के गौतम पांडा भी मैदान में थे, लेकिन मुकाबला काफी हद तक द्विपक्षीय ही रहा। हार-जीत के इस मामूली अंतर ने इस निर्वाचन क्षेत्र को राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण विधानसभा क्षेत्र का दर्जा दे दिया है। हालांकि, मतों के गणित से परे अधिकारी परिवार के दबदबे का असर साफ नजर आता है, जिसने तमलुक लोकसभा क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत बनाई हुई है। कांग्रेस के समय में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) विरोधी ताकत बनने से लेकर ग्रामीण बंगाल में ममता बनर्जी के उदय का एक प्रमुख स्तंभ बनने तक शिशिर अधिकारी के नेतृत्व में इस परिवार ने एक ठोस राजनीतिक नेटवर्क का निर्माण किया। वर्ष 2021 के चुनाव से पहले यह समीकरण उस वक्त बदल गया, जब शुभेंदु भाजपा में शामिल हो गए, जिससे पूर्वी मेदिनीपुर में तृणमूल कांग्रेस का संगठनात्मक आधार कमजोर हो गया और पार्टी को तेजी से एक प्रतिस्पर्धी शक्ति के रूप में उभरने का मौका मिला। आगामी चुनाव के लिए तृणमूल ने महापात्रा के स्थान पर दीपेंद्र नारायण रॉय को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने बेरा को फिर से नामांकित किया है। भाकपा ने नबेंदु घारा को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने अब तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। कांथी (कोंताई) उपखंड में अधिकारी परिवार का दबदबा बना हुआ है और यह क्षेत्र की बदलती राजनीतिक गतिशीलता का स्पष्ट संकेत प्रदान करते हैं।

## घरेलू विवाद में पत्नी की मौत, पति ने बच्चों के साथ थाने में किया आत्मसमर्पण



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बाली थाना क्षेत्र के जूट मिल क्वार्टर में पारिवारिक विवाद के दौरान पति द्वारा धक्का दिए जाने से पत्नी की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पति अपने तीन बच्चों के साथ थाने पहुंच गया और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। मृतका की पहचान शकीला खातून (30) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति का नाम मोहम्मद जावेद बताया गया है। जानकारी के अनुसार बाली जूट मिल के क्वार्टर नंबर 202 में मोहम्मद जावेद अपनी पत्नी शकीला खातून और तीन बच्चों के साथ रहता था। बताया जाता है कि आर्थिक तंगी को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। शनिवार की रात करीब 11:30 बजे जावेद काम से घर लौटा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। बताया जाता है कि गुस्से में आकर जावेद ने अपनी पत्नी को जोर से धक्का दे दिया। धक्का लगते ही शकीला दीवार से जा टकराई और उसका सिर फट गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जावेद अपने तीनों बच्चों को साथ लेकर सीधे बाली थाने पहुंचा और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वंदे मातरम् राष्ट्रवाद का मंत्र, कभी अप्रासंगिक नहीं होगा : मदन दिलावर

**कोलकाता :** राजस्थान परिषद द्वारा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में कोलकाता स्थित राष्ट्रीय ग्रंथागार सभागार में आयोजित वंदे मातरम् 150 वर्ष पूर्ति गौरवशाली स्मरण समारोह में राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद का जीवंत मंत्र है, जो सदैव प्रासंगिक रहेगा।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इस गीत ने देशवासियों में नई चेतना जगाई और आज भी यह राष्ट्रीय एकता व देशभक्ति को सशक्त करता है। उन्होंने 29 मार्च 1857 को मंगल पांडे द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के शंखनाद का उल्लेख करते हुए बंगाल को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सुभाष चंद्र



बोस और स्वामी विवेकानंद की जन्मभूमि बताते हुए राष्ट्रवादी विच-ारधारा की उर्वर भूमि कहा।

समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी एवं उद्योगपति बेणु गोपाल बांगड़ ने की। विशिष्ट अतिथि राजस्थान के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने रास बिहारी बोस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को रेखांकित करते हुए राजस्थान की वीरता परंपरा का भी उल्लेख किया।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेम शंकर त्रिपाठी ने वंदे मातरम् की साहित्यिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर परिषद द्वारा प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण सच्चिदानंद पारीक एवं भागीरथ सारस्वत के संपादन तथा डॉ. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में गायिका मारुति मोहता ने संगीतमय प्रस्तुति दी, जबकि राजस्थानी लोकगीतों ने सांस्कृतिक वातावरण को जीवंत बनाया। परिषद के महामंत्री अरुण प्रकाश मल्लावत ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। नेशनल लाइब्रेरी के डीजी अजय प्रताप सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तक उपलब्धता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच रिसड़ा में निकली राम नवमी की भव्य शोभायात्रा

**हुगली :** राम नवमी के पावन अवसर पर हुगली जिले के विभिन्न इलाकों में हिंदू संगठनों की ओर से भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं। इस दौरान हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए और पूरे इलाके में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। रिसड़ा में शोभायात्रा की शुरुआत अलग-अलग स्थानों से हुई और जीटी रोड से गुजरते हुए यह श्रीरामपुर स्थित स्नान पीढ़ी मैदान में जाकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और भगवान हनुमान की आकर्षक झांकियां निकाली गईं। इस शोभायात्रा में बच्चे, युवा और



महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

वर्ष 2023 में रिसड़ा में राम नवमी के दौरान हुई हिंसा से सबक लेते हुए इस बार चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। शोभायात्रा के पूरे रूट पर पुलिस और केंद्रीय बलों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा ड्रोन, वॉच टावर, सीसीटीवी कैमरे, बॉडी कैमरा और वाहनों में लगे कैमरों के जरिए लगातार निगरानी रखी गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद नजर आई।

वहीं, उत्तरपाड़ा के भगाड़ मोड़ इलाके से राम नवमी उत्सव समिति की ओर से भी एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। हालांकि, इस दौरान एक अप्रत्याशित घटना भी सामने आई, जब भैंसों का एक झुंड अचानक शोभायात्रा की ओर दौड़ पड़ा। इससे कुछ समय के लिए भगदड़ मच गई और कई लोग घायल हो गए। हालांकि, प्रशासन की तत्परता से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई।

इस घटना को लेकर भाजपा नेता पंकज राय ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि शोभायात्रा के दौरान उसी रूट पर दूसरी अनुमति दिए जाने के कारण यह स्थिति बनी। उन्होंने इसे साजिश करार दिया।

इस शोभायात्रा में उत्तरपाड़ा से भाजपा उम्मीदवार दीपांजन चक्रवर्ती भी शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।



हावड़ा: बाली में रविवार को लोकसभा सांसद दीपक अधिकारी (देव) बाली विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार कैलाश मिश्रा के साथ चुनावी रोड शो में भाग लेते हुए। (फोटो: कुणाल मलिक)

## बिहार : कांग्रेस विधायक कुशवाहा की जद(यू) नेता से मुलाकात पर पार्टी में दरार की अटकलें

**पटना:** कांग्रेस विधायक सुरेंद्र कुशवाहा ने रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता और बिहार के मंत्री अशोक चौधरी से मुलाकात की, जिससे पार्टी के भीतर दरार की अटकलें तेज हो गई हैं। कुशवाहा हाल में हुए राज्यसभा चुनावों में मतदान से दूर रहे थे। हालांकि, वाल्मीकि नगर के विधायक कुशवाहा ने पत्रकारों से कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री चौधरी के साथ बैठक उनके निर्वाचन क्षेत्र में विकास परियोजनाओं से संबंधित थी। कुशवाहा ने कहा, 'एक निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में मेरा सरकार में मंत्रियों के संपर्क में रहना आवश्यक है। यदि कोई गलत इरादा होता, तो मैं उनसे दिनदहाड़े नहीं मिलता। आपने शायद गौर किया होगा कि मैं मंत्री के आवास पर अपनी गाड़ी पर कांग्रेस का झंडा लगाकर गया था।'

## कौशांबी में जमीन बंटवारे के विवाद में दो भाइयों ने पिता की हत्या की

**कौशांबी (उप्र):** कौशांबी जिले के महेवा घाट थाना क्षेत्र में कथित तौर पर जमीन के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों ने अपने पिता की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि अजरौली गांव निवासी नथन सरोज (60) की शनिवार देर शाम खेत से घर लौटते समय उनकी पहली पत्नी के बेटों झुरई और लवलेश ने कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद दोनों ने शव को छिपाने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने खेत से बरामद कर लिया। कुमार ने बताया कि नथन सरोज की दो शादियां हुई थीं। पहली पत्नी कलुटिया से झुरई और लवलेश तथा दूसरी पत्नी सावित्री से राहुल नामक एक पुत्र है। उन्होंने कहा, ''झुरई और लवलेश चाहते थे कि उनके पिता अपनी जमीन में राहुल को हिस्सा न दें, लेकिन नथन सरोज ने राहुल को अपनी जमीन का एक-तिहाई हिस्सा दे दिया था। इसी बात को लेकर दोनों नाराज थे और शनिवार शाम कुल्हाड़ी से वार कर पिता की हत्या कर दी।'

## राज्यसभा सदस्य संजय सिंह से जुड़े मामले की सुनवाई अब छह अप्रैल को सुल

**तानपुर (उप्र):** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह से जुड़े आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले की सुनवाई शनिवार को सुनवाई यहां की सांसद/विधायक अदालत में टल गई। इस मामले में अब छह अप्रैल को सुनवाई होगी। संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि 27 मार्च को तारीख थी लेकिन राम नवमी के अवकाश के कारण सुनवाई नहीं हो सकी थी। अदालत ने अब इस मामले की अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख तय की है। मदन सिंह ने बताया कि इससे पहले 19 मार्च को भी मामले की सुनवाई गवाहों की अनुपस्थिति के कारण टल गई थी जबकि, 27 फरवरी को मुकदमा दर्ज कराने वाले अजीत कुमार ने अदालत में पेश होकर अपना बयान दर्ज कराया था, जिस पर बचाव पक्ष के वकील ने जिरह की थी।

## कृष्ण जन्मभूमि मामले में अगली सुनवाई 10 अप्रैल को

**प्रयागराज:** मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सुनवाई की अगली तारीख 10 अप्रैल तय की है। दोनों पक्षों के वकीलों द्वारा अदालत से यह कहते हुए मामले की सुनवाई टालने का आग्रह किया गया कि बार एसोसिएशन द्वारा कोई प्रतिकूल आदेश पारित न करने का आह्वान किया गया है। इस पर 28 मार्च को न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने अगली तारीख 10 अप्रैल तय की। उल्लेखनीय है कि हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह मस्जिद ढांचा हटाकर भूमि का कब्जा देने और वहां मंदिर बहाल करने के लिए 18 वाद दाखिल किए हैं।

## जमशेदपुर की झीलों से एक महिला और एक पुरुष का शव बरामद, जांच जारी

**जमशेदपुर:** झारखंड पुलिस ने रविवार को जमशेदपुर की अलग-अलग झीलों से दो शव बरामद किए, जिनमें एक महिला का शव भी शामिल है। एक अधिकारी ने बताया कि बोरम पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहर के बाहरी इलाके में स्थित दिम्ना झील में एक महिला का शव तैरता हुआ मिला। दोपहर में पिकनिक स्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। झील के पास मिले एक बैग की मदद से अधिकारियों ने पीड़िता की पहचान 43 वर्षीय संजू देवी के रूप में की, जो सोनारी की निवासी थीं।

# पड़ोसी देशों में आपातकाल के हालात, भारत विकास के रास्ते पर बढ़ रहा 'एकमात्र देश' : योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से पड़ोसी देशों में अघोषित आपातकाल जैसे हालात होने के बीच भारत विकास के पथ पर लगातार कदम बढ़ा रहा दुनिया का एकमात्र देश है। मुख्यमंत्री ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 665 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपजे हालात का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'युद्ध की वजह से अस्थिरता का माहौल है। दुनिया संकट में है और उथल-पुथल चल रही है। अनेक देशों में आपातकाल लागू हो गया है। वहां लोगों में संशय का माहौल बना हुआ है। तमाम देशों ने अपने यहां लोगों की सेवा में कटौती शुरू कर दी है। कार्य के घंटे और वेतन को कम करना प्रारंभ कर दिया है, क्योंकि अब उनकी अर्थव्यवस्था जवाब दे रही है।' आदित्यनाथ ने कहा कि खाड़ी के देशों पर कम निर्भरता वाले अमेरिका जैसे देश में भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अगल-बगल के देशों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमा, श्रीलंका, थाईलैंड, इंडोनेशिया सबकी हालत खराब है और अघोषित आपातकाल जैसी स्थितियां हैं, लेकिन इन सब में बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके भारत दुनिया का एकमात्र देश है, जो लगातार अपनी यात्रा की ओर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है, क्योंकि भारत के पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे 'दूरदर्शी नेता' हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जहां दुनिया में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ रहे हैं वहीं, प्रधानमंत्री ने आपूर्ति को बेहतर बनाने के साथ पेट्रोलियम उत्पादों के दाम को नियंत्रित करने के लिए कर को कम करके देश की 145 करोड़ जनता को राहत दी है। उन्होंने यह भी दावा किया, 'यह अकेले भारत में ही हुआ है, दुनिया में और कहीं नहीं हुआ है। इसका लाभ केवल भाजपा और एक वर्ग विशेष नहीं ले रहा है बल्कि पूरा देश लाभ ले रहा है।' आदित्यनाथ ने विरोधी दलों पर अफवाह फैलाने के आरोप लगाते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, तो उन्हें रोकने के लिए किस-किस प्रकार के निम्न स्तरीय प्रयास हुए हैं। अफवाह फैलाई जा रही है, माहौल को दुष्प्रचार में बदलने का काम हो रहा है। कहीं कोई बोलता है कि 14 किलो के गैस सिलेंडर में केवल चार किलो गैस मिल रही है। ये बचकानी हरकतें हैं। कोई झूठी अफवाह फैला रहा है कि देश में लॉकडाउन लग जाएगा। ये अफवाहबाज देश का नुकसान पहुंचा रहे हैं।'

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

लखनऊ: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री सोमवार को लोकभवन सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की महिला सशक्तिकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन को नई गति देने वाली कई बड़ी पहल की शुरुआत करेंगे। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सोमवार को लोकभवन के सभागार में 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को 'ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस' वितरित किए जाएंगे, जिनमें स्टैडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर और मदर एंड चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भर में कुल 1,33,282 स्टैडियोमीटर, 10,553 इन्फैंटोमीटर और 58,237 वेटिंग स्केल वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी और अधिक सटीक व प्रभावी हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा 10 नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा जबकि 46 जिलों में जनप्रतिनिधियों द्वारा 739 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा 42 जिलों में 15,203 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत

**गोंडा (उप्र):** गोंडा जिले के खोड़ारे थाना क्षेत्र में रविवार रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज रावत ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे तीन युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बभनान से गौरा चौकी की ओर जा रहे थे, रास्ते में बुकनापुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक सड़क किनारे गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आयीं। रावत ने बताया कि वहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से तत्काल बस्ती जिले के गौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यादव ने बताया कि अस्पताल लाए जाने से पहले ही तीनों युवकों की मौत हो चुकी थी। रावत के अनुसार, मृतकों की पहचान खोड़ारे थाना क्षेत्र के सिकरी तप्पाकोट गांव निवासी अमरदीप (23) और खुटिहन गांव निवासी श्याम (15) तथा ऋतिक (20) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रावत ने बताया कि मामले में सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। दुर्घटना में शामिल फरार अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## न्यूज अपडेट

### बिहार बोर्ड ने कक्षा 10वीं का परिणाम घोषित किया, 81.79 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण



**पटना:** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने रविवार को कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए जिसमें लगभग 82 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी और कहा कि छात्राओं का समग्र प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि दो छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जमुई जिले की पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली जिले की सबरीन परवीन ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। बीएसईबी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बेगुसराय जिले की नाहिद सुल्ताना ने 489 अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि बक्सर की अनुपा कुमारी और बेगुसराय के ओम कुमार ने संयुक्त रूप से 488 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में नीतीश कुमार के हवाले से कहा गया है, इस वर्ष दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से मैट्रिक परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। कुल मिलाकर, छात्राओं का प्रदर्शन अच्छा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, छात्राओं की यह उपलब्धि महिला सशक्तीकरण का एक मजबूत उदाहरण है। लड़कियों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लड़कियों के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे हर क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रही हैं। उन्होंने कहा, लड़कों ने भी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इससे पहले दिन में, मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि इस बार बिहार ही एकमात्र राज्य है जिसने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम मार्च में ही घोषित कर दिए हैं।

### देश को 'विश्वगुरु' बनना था लेकिन बन गया 'विश्वचेला' : भगवंत मान

**मेरठ (उप्र):** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि देश को 'विश्वगुरु' बनना था, लेकिन वह तो 'विश्वचेला' बन गया है। उन्होंने मेरठ के सकौती गांव में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज हालात ऐसे हैं कि भारत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आदेश चलता है और देश की नीतियां बाहरी दबाव में प्रभावित होती दिखती हैं। मान ने कहा कि देश को आजाद हुए करीब 80 साल हो चुके हैं, लेकिन अब भी बुनियादी समस्याएं जस की तस हैं। उन्होंने कहा, 'विदेशों में लोग मंगल ग्रह पर जाने की बात कर रहे हैं, जबकि हम शहरों में सीवर के ढक्कन तक नहीं लगा पाए हैं।''फ पंजाब के मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने आम लोगों, खासकर किसानों और गरीबों की समस्याओं पर गंभीरता से काम नहीं किया।

### झारखंड: सड़क दुर्घटनाओं में चार वर्षीय बालक समेत तीन लोगों की मौत

**रांची:** झारखंड के रांची और साहिबगंज जिलों में रविवार को अलग-अलग सड़क हादसों में चार-वर्षीय एक लड़के सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अंगारा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत चमघाटी में एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दो भाइयों की मौत हो गई। यह इलाका रांची से लगभग 48 किलोमीटर दूर है। अनगड़ा पुलिस थाना के प्रभारी गौतम कुमार रजवार ने बताया, ''दोनों मृतकों के शव रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं।'' रजवार ने बताया कि वे सभी घर लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अनिल महतो (28) और प्रभात महतो (35) के रूप में हुई है। दोनों इसी थाना क्षेत्र के नवडीह गांव के निवासी थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर पश्चिम बंगाल का था। वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

## सपा ने हमेशा कुछ परिवारों, कुछ चेहरों और कुछ खास वर्गों के हित को ही प्राथमिकता दी : पंकज चौधरी



**लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सपा ने हमेशा कुछ परिवारों, कुछ चेहरों और कुछ खास वर्गों के हित को ही प्राथमिकता दी। सपा प्रमुख ने अखिलेश यादव द्वारा नोएडा की जनसभा में दिए गए भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पंकज चौधरी ने कहा, अखिलेश यादव का पूरा भाषण झूठ, भ्रम, हताशा और समाज को बांटने की राजनीति का दस्तावेज़ था। उन्होंने कहा, जनता ने 2017 में सपा के कुशासन, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को नकार दिया था और 2027 में भी उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को सलेक्ट करने और सपा को रिजेक्ट करने को तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पर समाजवादी पार्टी श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि उत्तर प्रदेश की जनता सच्चाई जानती है। यदि समाजवादी पार्टी इतनी ही विकासवादी होती तो उसके शासनकाल में उत्तर प्रदेश निवेश, बुनियादी ढांचा और कानून व्यवस्था में पिछड़ा क्यों रहा। उन्होंने अखिलेश यादव के एटीएम, जुमला और झूठ जैसे बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जिनके शासनकाल में भ्रष्टाचार, भूमि घोटाले, भर्ती घोटाले, गुंडागर्दी और संरक्षणवाद का एटीएम चौबीसों घंटे चलता था, उन्हें नैतिकता पर भाषण देने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए।

## जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान यात्री कैफे शुरू, यात्रियों को मिलेगा दस रुपये में नाश्ता

### केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से पटना हवाई अड्डे पर उडान यात्री कैफे का उद्घाटन किया

पटना: केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को ऑनलाइन माध्यम से यहां स्थित जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 'उड़ान यात्री कैफे' और उन्नत वाई-फाई सुविधा का उद्घाटन किया। हवाई अड्डा निदेशक कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक दोनों सुविधाओं की शुरुआत टर्मिनल के चेक-इन क्षेत्र में की गई है।



जयपुर: केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन किया, जिसमें यात्रियों को 10 रुपये में नाश्ता और पेय पदार्थ उपलब्ध होंगे। यह कैफे टर्मिनल-2 के प्री-चेक-इन प्रस्थान क्षेत्र शुरू हुआ है। नायडू ने डिजिटल माध्यम से कैफे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नायडू ने कहा, 'उड़ान यात्री कैफे पहल हवाई यात्रा को अधिक सुलभ, किफायती और आम नागरिक के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किफायती दामों पर पानी, पेय पदार्थ, नाश्ता और मिठाइयों जैसी जरूरी खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाकर यह पहल यात्रियों की बुनियादी जरूरत को पूरा करेगी।' जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि यह पहल यात्रियों के लिए हवाई अड्डा सेवाओं को और अधिक सुलभ और किफायती बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

# वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में शुरू हुआ 'फूल बंगला उत्सव'

**मथुरा (उप्र):** मथुरा के मंदिरों में बढ़ती गर्मी में ठाकुर जी को 'ठंडक' पहुंचाने के उपाय शुरू किये जाने के बीच वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में 134 दिनों तक चलने वाला 'फूल बंगला उत्सव' रविवार को प्रारंभ हो गया। यह बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए मंदिर के अंदर फूलों की सजावट करके तापमान कम करने पर केंद्रित एक उत्सव है। श्री बांके बिहारी मंदिर के सेवायत ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने बताया कि लाल पत्थर से बनी इमारत और मंदिर को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीयों के इस्तेमाल से गर्मियों में मंदिर के अंदर का तापमान बढ़ जाता है और वहां रहना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, 'हालात को बेहतर बनाने के उपाय के तौर पर फूलों की सजावट शुरू की गई। बेला, मोगरा, गुलाब, चमेली, कार्नेशन, गेंदा, लिली, कमल और ऑर्किड जैसे विभिन्न सजावटी और खुशबूदार फूल कानपुर, कन्नौज और अजमेर से भी मंगाए जाते हैं। गुलाब और मोगरा ठाकुर बांके बिहारी के पसंदीदा फूल हैं।' गोस्वामी ने बताया कि रविवार को उत्सव के पहले दिन सुबह और शाम दोनों समय की आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस साल हिंदू पंचांग में एक अतिरिक्त महीना (अधिक मास) होने के कारण फूल बंगला उत्सव अधिक समय तक चलेगा। श्री बांके बिहारी मंदिर के एक अन्य सेवायत शशांक गोस्वामी ने बताया कि 2016 से पहले मंदिर में फूल बंगला के दर्शन केवल शाम को ही होते थे लेकिन जुलाई 2016 में उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के बाद अब फूल बंगला के दर्शन सुबह के समय भी होते हैं। उन्होंने बताया कि फूलों की सजावट में इस्तेमाल हुए फूलों को बाद में विधवाओं के लिए बने आश्रम 'आश्रय सदन' में भेज दिया जाता है, जहां इन फूलों से अगरबत्तियां बनाई जाती हैं। श्री राधा रमण मंदिर के सेवायत दिनेश चंद्र गोस्वामी ने कहा, 'ब्रज भूमि में भक्ति का मुख्य भाव 'माधुर्य भाव' (प्रेमपूर्ण भाव) है। हम भगवान कृष्ण की सेवा लला (अपने बच्चे) के रूप में करते हैं। भक्ति का अर्थ है ठाकुर जी की खुशी के बारे में ।'' गोस्वामी ने बताया कि राधा रमण जी को जल, मौसमी फल और शरबत चढ़ाने के लिए पूरे एक महीने तक एक 'तुताई' (मिट्टी के बर्तन) का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे प्रसाद ठंडा रहता है। उन्होंने बताया कि तापमान को बनाए रखने के लिए हर दिन एक नए बर्तन का इस्तेमाल किया जाता है और चढ़ाए गए प्रसाद को मंदिर के सेवायतों के बीच बांटा जाता है।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नए अधिकारियों से ईमानदारी के साथ सेवा करने का आग्रह किया



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राज्य के नव नियुक्त सिविल सेवकों से संवाद किया और कहा कि मेहनत से व्यक्ति पद प्राप्त करता है, लेकिन सेवा भाव ही उसे जनता के दिलों में स्थायी स्थान दिलाता है। यहां बिरला सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रश्न पत्र लीक होने से रोकने के कदम उठाए हैं और भर्ती परीक्षा कैलेंडर लागू किया है ताकि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और पूर्वानुमान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को केवल नौकरी तलाशने के बजाय नौकरी देने वाला बनने के लिए विभिन्न नीतियों और योजनाओं से प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त अधिकारियों को सुशासन की शपथ दिलाई और नागरिकों के प्रति समर्पण, ईमानदारी और जिम्मेदारी से काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बाद में शर्मा ने संत संसद कार्यक्रम में कहा कि संतों ने सदैव समाज कल्याण और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है और उनका मार्गदर्शन व्यक्ति को सार्थक जीवन जीने में मदद करता है।

## जब तक भाजपा की सरकार है, तब तक संविधान खतरे में : अखिलेश



**नोएडा:** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिये अभियान शुरू करते हुये राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि जो लोग संविधान बदलने के लिए 400 सीटें जीतने की बात कर रहे थे, वे भले ही हार गए हों, लेकिन जब तक भाजपा सत्ता में है, तब तक इसका खतरा बना रहेगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, 'संविधान खतरे में है और तब तक रहेगा जब तक भाजपा है। जब तक भाजपा की सरकार है तब तक संविधान खतरे में है। भाजपा को भीमराव अंबेडकर के संविधान पर भरोसा नहीं है।' उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने हमें एक ऐसा हथियार दिया है जो लोहे की तलवार से मजबूत है। नोएडा के दादरी में एक रैली को संबोधित करते हुए अखिलेश ने एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान सपा पर लगाये गये आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा उद्घाटन किए गए कई हवाई अड्डे अभी तक चालू नहीं हैं। उन्होंने कहा, पहले भी इन्होंने हवाई अड्डों का उद्घाटन किया था, लेकिन सात में से छह अब तक चालू नहीं हैं। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। इससे एक दिन पहले जेवर में हवाई अड्डे का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा था। मोदी ने आरोप लगाया था कि अपने कार्यकाल में सपा ने नोएडा को लूट का एटीएम बना दिया था। साथ ही उन्होंने विपक्षी नेताओं पर अंधविश्वास के कारण गौतमबुद्ध नगर आने से बचने का तंज भी कसा था। सपा प्रमुख ने कहा, कल कहा गया कि हम नोएडा नहीं आते। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि मैंने यहां अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के घर उतनी बार दौरा किया है, जितनी बार उन दोनों ने मिलकर चाय नहीं पी होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके अखिलेश ने इस क्षेत्र में विकास का श्रेय अपनी पार्टी की पिछली सरकार को दिया, जिसमें दिल्ली मेट्रो के जरिए दिल्ली और नोएडा को जोड़ने वाली कनेक्टिविटी भी शामिल है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने नोएडा के विकास के लिए कई फैसले लिए थे। इनके पास दिखाने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए वे इस तरह के बयान दे रहे हैं।

# आयु प्रमाणपत्र होने पर नाबालिग की उम्र पता करने के लिए चिकित्सीय जांच गैरकानूनी: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**लखनऊ:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि स्कूल, शिक्षा परिषद, नगर निगम, नगरपालिका या पंचायत के आयु संबंधी प्रमाणपत्र उपलब्ध होने की स्थिति में किसी नाबालिग की उम्र तय करने के लिए उसकी चिकित्सकीय जांच कराना गैरकानूनी है। अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए किशोर न्याय बोर्ड और विशेष पॉक्सो अदालत के आदेशों को रद्द कर दिया और नाबालिग लड़के को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मनीष कुमार की पीठ ने शनिवार को एक नाबालिग आरोपी द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका पर यह आदेश पारित किया। मामले के मुताबिक पिछले साल 11 मार्च को प्रतापगढ़ जिले



के लीलापुर थाने में एक नाबालिग लड़के पर 15 साल की लड़की के साथ छेड़छाड़ करने और उसे धमकाने के आरोप में बाल यौन संरक्षण (पॉक्सो), अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। नाबालिग याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गयी थी कि घटना के समय उसकी उम्र 16 साल से कम थी। आरोपी के हाई स्कूल के प्रमाणपत्र में उसकी जन्मतिथि एक जनवरी 2010 बताई गई थी, जबकि उसके प्राथमिक विद्यालय के रिकॉर्ड में उसकी जन्मतिथि 13 मई 2009 दर्ज थी लेकिन इसके बावजूद किशोर न्याय बोर्ड ने उसकी उम्र तय करने के लिए चिकित्सीय जांच का आदेश दिया था, जिसे प्रतापगढ़ की विशेष अपीलीय अदालत ने भी सही ठहराया था। इन दोनों आदेशों को उच्च न्यायालय में दायर एक पुनर्विचार याचिका के जरिये चुनौती दी गई थी जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 की धारा 94 के अनुसार उम्र तय करने के लिए सबसे पहले स्कूल या बोर्ड के प्रमाणपत्र पर विचार किया जाना चाहिए।

## बाराबंकी में शादी समारोह में मांसाहार खाने के बाद 30 से अधिक लोग बीमार

**बाराबंकी (उप्र):** बाराबंकी जिले के देवा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लालापुर में एक शादी समारोह के दौरान मांसाहार खाने के बाद 30 से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना शनिवार को हुई, जब खाना खाने के कुछ ही समय बाद लोगों को अचानक उल्टी-दस्त शुरू हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी पीड़ितों को इलाज के लिए देवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश यादव भी मौके पर पहुंचे और अपनी देखरेख में उपचार शुरू कराया। उन्होंने बताया कि कस्बे के मोहल्ला लालापुर में शनिवार को बारात आई थी, जिसमें विभिन्न प्रकार के मांसाहारी व्यंजन परोसे गए थे। इन्हें खाने के लगभग आधे घंटे बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी।

## पुलिस निरीक्षक को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर

**सुलतानपुर (उप्र):** सुलतानपुर जिले के अखंडनगर थाने में तैनात निरीक्षक रविवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में लखनऊ स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने बताया कि अखण्डनगर थाने में तैनात निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी को उसके घर में संदिग्ध हालात में दायें कंधे के नीचे गोली लग गयी। उन्होंने बताया कि द्विवेदी को सुलतानपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उसे ट्रामा सेंटर, लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

# शिक्षा के माध्यम से अतीत को संरक्षित कर रहा है नगा समुदाय, भविष्य की तैयारी कर रहा: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नगालैंड की पारंपरिक मोरूंग शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रथा के माध्यम से बच्चों में गणित और विज्ञान जैसे विषयों में रुचि पैदा की जा सकती है। नगालैंड की मोरूंग प्रणाली एक पारंपरिक सामुदायिक शिक्षा मॉडल है, जो सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन कौशल सीखने के केंद्र के रूप में कार्य करता है। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि नगा समुदाय शिक्षा के माध्यम से अतीत को संरक्षित करने और भविष्य को तैयार करने का एक प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समुदाय के लोग अपनी



आदिवासी परंपराओं का बहुत सम्मान करते हैं तथा वे इस पर गर्व तो करते ही हैं, साथ ही अपने रुख को आधुनिक भी रखते हैं। उन्होंने कहा कि नगा जनजाति में मोरूंग शिक्षा की एक पारंपरिक व्यवस्था थी, इसमें, बुजुर्ग लोग अपने अनुभवों से युवाओं को पारंपरिक ज्ञान, इतिहास और जीवन के कौशल के बारे में बताते थे। उन्होंने कहा, ''समय के साथ यह प्रणाली अब मोरूंग की शिक्षा की अवधारणा में बदल गया है। इसके माध्यम से बच्चों में गणित और विज्ञान जैसे विषयों में रुचि पैदा की जाती है। मोदी ने कहा, ''इसमें समुदाय के बुजुर्ग उन्हें कहानियां, लोकगीत और पारंपरिक खेलों के साथ जीवन के कौशल सिखाते हैं। इस तरह हमारा नगालैंड अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए, बच्चों की शिक्षा को आगे ले जा रहा है। आपको भी अपने क्षेत्र में ऐसे प्रयासो के बारे में पता चले, तो मुझे जरूर साझा कीजिएगा।''

**गत 11 वर्षों में 50 लाख कृत्रिम जल संग्रह संरचनाएं और 70,000 झीलें बनाई गईं**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में कहा कि गत पिछले 11 वर्षों में 'जल संचय अभियान' के तहत देश भर में लगभग 50 लाख कृत्रिम जल संग्रह संरचनाएं बनाई गई हैं और 'अमृत सरोवर अभियान' के तहत 70,000 झीलें निर्मित की गई हैं।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव पूरे भारत में महसूस किया गया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि इसका प्रभाव देश के हर कोने में देखा जा रहा है। घरेलू छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की यह योजना, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी ऐसी पहल कहा जाता है, का लक्ष्य मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई आज किसी भी शहर, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, का दौरा करे तो उसे निश्चित रूप से एक बदलाव नजर आएगा कि बड़ी संख्या में घरों की छतों पर सौलर पैनल लगाए गए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी 31 मार्च को जैन संग्रहालय और सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन करेंगे

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मार्च को गुजरात के दौरे पर आयेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अपनी इस यात्रा के दौरान कोबा में जैन संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे, साणंद में एक सेमीकंडक्टर संयंत्र की शुरुआत करेंगे और नवगठित वाव-थराद जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। गुजरात सरकार द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री 6,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास और रेलवे परियोजनाओं का भी अनावरण करेंगे। मोदी सबसे पहले गांधीनगर जिला पहुंचेंगे, जहां वह कोबा गांव में स्थित श्री महावीर जैन आराधना केंद्र में नवनिर्मित 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद वह एक सभा को संबोधित भी करेंगे।

## असम में भाजपा लगाएगी हैट्रिक, लगातार तीसरी बार सत्ता में आएगी : नितिन नवीन



**तिनसुकिया (असम) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पार्टी असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर 'हैट्रिक' लगाएगी। मार्गेरिटा से उम्मीदवार एवं मौजूदा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर राज्य के विकास के बजाय ''वोट बैंक की राजनीति'' में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस ''काले अध्याय'' को याद रखना जरूरी है। उन्होंने कहा, ''विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा हैट्रिक लगाने वाली है। हमने पहली बार सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी, इसके बाद हिमंत विश्व शर्मा का कार्यकाल रहा। इस बार हम मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में अपनी तीसरी सरकार बनाएंगे।'' नवीन ने कहा कि वह 2009-10 से विभिन्न पार्टी कार्यों के सिलसिले में असम आते रहे हैं और राज्य भर में व्यापक दौरे कर चुके हैं। उन्होंने कहा, ''उस समय विकास की कोई चर्चा ही नहीं होती थी। जब मैं एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना चाहता था तो तनाव बना रहता था। लोग केवल हिंसा और आंदोलन की ही चर्चा किया करते थे।''

## जम्मू-कश्मीर: कुपवाड़ा में आकस्मिक गोलीबारी की घटना में तीन सैनिक घायल

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में कथित तौर पर आकस्मिक गोलीबारी की घटना में तीन सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक सैन्य अधिकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार रात त्रेहगाम इलाके के एक सैन्य शिविर में हुई, जहाँ एक सैनिक के सर्विस हथियार से अचानक गोली चल गई, जिससे उसके तीन साथी घायल हो गए अधिकारी ने पुष्टि की कि इस घटना में तीन सैनिक घायल हुए हैं और वर्तमान में स्थानीय सैन्य अस्पताल में उनका इलाज कराया जा रहा है। घटना के संबंध में और अधिक जानकारी अभी प्रतीक्षित है।

## गुजरात के अमरेली में 3.1 तीव्रता का भूकंप, सौराष्ट्र में छह दिन में दूसर झटका

**अमरेली(गुजरात) :** गुजरात के अमरेली जिले में रविवार को 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान के अनुसार, भूकंप का यह झटका शाम 4.10 बजे दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र सौराष्ट्र क्षेत्र में अमरेली से लगभग 42 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में सतह से 11.6 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से न तो कोई घायल हुआ और न ही संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचा।

## हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी, शिमला और दो जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और लाहौल एवं स्पीति जिलों के ऊंचे इलाकों में रविवार को एक बार फिर बर्फबारी हुई, जबकि मध्य और निचले इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। शिमला मौसम विभाग ने मंडी, कुल्लू और शिमला जिलों के कुछ स्थानों पर सोमवार के लिए ओलावृष्टि, बिजली गिरने और 40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की 'ऑरेंज' चेतावनी जारी की है। राज्य में चार अप्रैल तक बारिश का दौर जारी रहने का भी पूर्वानुमान जताया गया है। केलोंग में एक सेंटीमीटर बर्फ गिरी और गोंडला में भी हल्की बर्फबारी हुई। मनाली के बाहरी इलाके में स्थित अटल सुरंग के दक्षिणी प्रवेश द्वार पर भी बर्फबारी देखी गई।

## बेंगलुरु (ग्रामीण) में मंदिर का प्रसाद खाने के बाद 60 से अधिक लोग बीमार

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु (ग्रामीण) जिले में राम नवमी का प्रसाद खाने के बाद लगभग 60 लोग बीमार पड़ गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार को लगभग 400 लोगों ने प्रसाद खाया था और उनमें से कई लोगों ने पेट दर्द, उल्टी तथा दस्त जैसे लक्षणों की शिकायत करना शुरू कर दिया। उन्हें रविवार तड़के अस्पताल ले जाया गया। बेंगलुरु ग्रामीण जिला के स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) लक्ष्मा कृष्णा रेड्डी ने देवनहल्ली में पत्रकारों से कहा, ''रविवार तड़के 60 लोग बीमार पड़ गए। इलाज के बाद सभी खतरे से बाहर हैं।''

## आम आदमी पार्टी 2027 के पंजाब चुनावों में 100 से अधिक सीटें जीतेगी: मनीष सिसोदिया

**होशियारपुर :** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने रविवार को दावा किया कि राज्य सरकार द्वारा किए गए अच्छे कार्यों का हवाला देते हुए उनकी पार्टी 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों में 100 से अधिक सीटें जीतेगी। होशियारपुर दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के पंजाब प्रभारी सिसोदिया ने कहा कि पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनावों में 92 सीटें जीती थीं और अगले चुनावों में इस संख्या को पार करते हुए भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। पंजाब विधानसभा में 117 सदस्य हैं। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय



पार्टी नेताओं से मुलाकात की पारिवारिक माहौल में चर्चा की और कहा कि पार्टी 100 से अधिक सीटें जीतेगी। विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करते हुए सिसोदिया ने उनकी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

## न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने सभी नागरिकों के लिए सुलभ, किफायती और समय पर न्याय की आवश्यकता पर रविवार को जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए उपलब्ध अधिकार है। उन्होंने विधि मंत्रालय की 'टेली-लॉ' पहल के तहत न्याय तक समावेशी, प्रौद्योगिकी-आधारित पहुंच का भी आह्वान किया। यहां इस पहल पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने हाल में हुए कानूनी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि नए आपराधिक कानूनों में बदलाव, प्रक्रियाओं को सरल बनाकर और दक्षता में सुधार करके, अधिक नागरिक-केंद्रित न्याय



प्रणाली की ओर एक ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। उन्होंने शासन में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) और टेली-मेडिसिन जैसी पहल का उदाहरण दिया और 'टेली-लॉ' पहल को कानूनी सेवाओं के लोकतंत्रीकरण का एक शक्तिशाली माध्यम बताया। राधाकृष्णन ने कहा कि मुकदमे से पहले कानूनी सलाह विवादों को शीघ्र सुलझाने, अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करने और अदालतों पर बोझ कम करने में सहायक हो सकती है। उपराष्ट्रपति ने भाषाई समावेशन के महत्व पर जोर देते हुए संविधान को कई क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों के बारे में बताया और समझ और भागीदारी को बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषाओं में कानूनी परामर्श प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कानूनी सेवाओं को अंतिम छोर विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्रित प्रयासों का आह्वान किया।

## अमेरिकी राजदूत गोर ने भारत-अमेरिका संबंधों के लिए आर्थिक विकास और सुरक्षा सहयोग को बताया आधार

**नयी दिल्ली :** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि दोनों देश, लाभदायक रणनीतिक आर्थिक संबंधों को विस्तारित करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और विशाल बुनियादी ढांचागत आवश्यकताएं ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण और डिजिटल बुनियादी ढांचे में अमेरिकी विशेषज्ञता के साथ पूरी तरह से मेल खाती हैं। राजदूत ने कहा कि दोनों देश सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए लचीली आपूर्ति शृंखलाओं के निर्माण को प्राथमिकता दे रहे हैं, और चीन से तीव्र प्रतिस्पर्धा के बीच इन नेटवर्क को सुरक्षित करने के उद्देश्य से अमेरिका के नेतृत्व वाली 'पैक्स सिलिका' पहल में नयी दिल्ली के शामिल होने का स्वागत किया। गोर ने अमेरिकी दूतावास के प्रकाशन स्पैन पत्रिका को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका दक्षिण और मध्य एशिया में आर्थिक विकास के 'मुख्य सूत्रधार' के रूप में कार्य करने के लिए विशिष्ट रूप से उपयुक्त स्थिति में है और भारत के साथ उसका प्रस्तावित व्यापार समझौता क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण के लिए एक 'शक्तिशाली आधार' का निर्माण करेगा। राजदूत ने कहा कि भारत के साथ अमेरिका के रक्षा और सुरक्षा सहयोग के बारे में कहा कि यह दोनों पक्षों के बीच सहयोग का ''सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण'' क्षेत्र है।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में पांच लाख रुपये के इनामी एक नक्सली को मार गिराया गया। यह घटना केंद्र द्वारा देश से वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के लिए निर्धारित 31 मार्च की समय सीमा से दो दिन पहले हुई। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि गोलीबारी पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जंगल में हुई, जहां सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल रोधी अभियान पर तैनात थी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद घटनास्थल से एक नक्सली का शव और हथियार बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि मृतक मुचाकी कैलाश माओवादियों की प्लाटून नंबर 31 का सेक्शन कमांडर था और उस पर पांच लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने कहा कि कैलाश नागरिकों की हत्या, देसी बम लगाने और पुलिस पर हमले जैसी घटनाओं में शामिल था। यह मुठभेड़ केंद्र द्वारा देश से सशस्त्र नक्सलवाद को खत्म करने के लिए निर्धारित 31 मार्च की समय सीमा से ठीक दो दिन पहले हुई है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने कहा कि माओवादी कार्यकर्ताओं के लिए आत्मसमर्पण और पुनर्वास का जो अवसर उपलब्ध था, वह अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और उनके पास इसका लाभ उठाने के लिए बहुत सीमित समय बचा है।

## रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का मुंबई में अंतिम संस्कार

**मुंबई :** उद्योगपति और रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार को मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। वर्ष 1980 से 2000 तक कंपनी की कमान संभालने वाले सिंघानिया का शनिवार शाम निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे। वह 87 वर्ष के थे। पद्म भूषण से सम्मानित सिंघानिया की अंतिम यात्रा दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास से शुरू हुई। उनके बेटे गौतम सिंघानिया और मधुपति ने अंतिम संस्कार का नेतृत्व किया। वर्तमान में रेमंड की कमान गौतम सिंघानिया के हाथों में





है। उद्योगपति का अंतिम संस्कार चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान गौतम सिंघानिया की पत्नी नवाज मोदी भी मौजूद रहीं। नवाज मोदी ने 'पीटीआई वीडियो' से बताया कि उन्होंने विजयपत सिंघानिया के साथ लंबा समय बिताया और वह उनके लिए हमेशा एक मजबूत सहारा बने रहे। मोदी ने बताया कि उनके ससुर अक्टूबर 2025 से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे और समय-समय पर अस्पताल में भर्ती रहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि हाल के महीनों में सिंघानिया को आईसीयू में रखा गया था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सिंघानिया की कंपनी रेमंड द्वारा ठाणे में निर्मित वस्त्रों को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली। शिंदे ने कहा, ''उन्होंने संपूर्ण व्यक्ति की तरह जीवन जिया, जो रेमंड की 'टैगलाइन' भी है।''

## दिल्ली में अंतरराज्यीय मादक पदार्थ नेटवर्क का भंडाफोड़, 45 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने एक संगठित अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया और एक किशोर को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थों में 3.5 किलोग्राम अल्प्राजोलम टैबलेट शामिल हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3.5 करोड़ रुपये आंकी गई है, जबकि 1.7 किलोग्राम ट्रामाडोल टैबलेट और कैप्सूल की कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा, यह अभियान 17 मार्च को उत्तर-पूर्व दिल्ली में मादक पदार्थों की खेप की आवाजाही संबंधी सूचना मिलने के बाद शुरू हुआ। सूचना के आधार पर टीम ने जोहरीपुर रोड स्थित शिव विहार तिराहे के पास जाल बिछाया। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में नितिन पाठक (20) को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि उसके पास से 11,900 अल्प्राजोलम टैबलेट (1.91 किलोग्राम) और 825 ट्रामाडोल टैबलेट (0.49 किलोग्राम) बरामद किए गए और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पूछताछ के दौरान पाठक ने अपने साथियों के बारे में जानकारी दी, जिसके आधार पर उत्तर प्रदेश और दिल्ली में आगे की कार्रवाई की गई। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उत्तर प्रदेश के भोपुरा स्थित एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारा गया, जो सह-आरोपी प्रेम सिंह यादव (30) का था, जहां से 2,250 ट्रामाडोल कैप्सूल (1.218 किलोग्राम) बरामद किए गए।

## हिमाचल प्रदेश: दुबई में काम करने वाले ऊना के एक स्थानीय निवासी की ड्रोन हमले में मौत

**ऊना (हिमाचल) :** हाल ही में दुबई में एक सेना छावनी क्षेत्र के पास ड्रोन हमले में मारे गए जसविंदर सिंह की मृत्यु के बाद हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के सनोली माजरा गांव में शोक का माहौल छा गया। जिला प्रशासन के अनुसार, जसविंदर का पार्थिव शरीर रविवार शाम को उनके पैतृक गांव सनोली माजरा पहुंचने की उम्मीद है। जसविंदर के परिवार में उनकी पत्नी, 22 वर्षीय पुत्र और उनकी मां हैं। वह पिछले पंद्रह वर्षों से दुबई में वाहन चालक के रूप में काम कर रहे थे। यह दुखद खबर मिलते ही स्थानीय लोग जसविंदर के घर पर जमा हो गए। खबरों के मुताबिक, जसविंदर लगभग तीन-चार दिन पहले दुबई में सेना छावनी क्षेत्र के पास सामान उतारते समय ड्रोन हमले का शिकार हो गए थे। परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने जसविंदर सिंह को एक मेहनती व्यक्ति बताया, जो सादगीपूर्ण जीवन शैली के लिए जाने जाते थे। उनकी मौत से पूरा समुदाय गहरे सदमे में है। ग्रामीणों ने बताया कि दुबई में हुई यह दुखद घटना न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव के लिए एक गहरा आघात है। जसविंदर की मृत्यु ने उनके परिवार को गंभीर आर्थिक और भावनात्मक संकट में डाल दिया है।

## फडणवीस ने साइबर अपराधों और डिजिटल धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए प्रौद्योगिकी का समर्थन किया

नागपुर : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को यहां 69वें 'ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट' (एआईपीडीएम) 2025-26 का उद्घाटन करने के बाद कहा कि डिजिटल युग में पुलिस को हमेशा अपराधियों से दो कदम आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम महज एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि जांच कौशल में सुधार लाने और जनता के विश्वास को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''डिजिटल युग में पुलिस को हमेशा अपराधियों से दो कदम आगे रहना चाहिए''।

## न्याय मिलने में भौगोलिक दूरी बाधा नहीं बननी चाहिए: प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत

**लेह :** भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्याय तक पहुंच भौगोलिक सीमाओं से परे होनी चाहिए और भौगोलिक दूरी न्याय प्रदान करने में बाधा नहीं बननी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के न्यायिक ढांचे में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में करगिल में नवनिर्मित जिला न्यायालय परिसर का वर्चुअल उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में लद्दाख के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली और उच्च न्यायालय के कई न्यायमूर्ति उपस्थित थे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा,



भौगोलिक बाधाएं न्याय प्रदान करने में रुकावट नहीं बननी चाहिए और इस अवसर को दूरस्थ क्षेत्रों में न्याय तक पहुंच को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि करगिल दृढ़ता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नया परिसर केवल बुनियादी ढांचे में वृद्धि ही नहीं, बल्कि न्याय वितरण प्रणाली में गुणात्मक सुधार का भी प्रतीक है, जिससे याचिकाकर्ताओं में नया विश्वास पैदा हुआ है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि कार्यवाही राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के साथ शुरू हुई, जिसके बाद स्मारक पट्टिका का अनावरण किया गया।

## असम में यूसीसी लागू किया जाएगा, अवैध प्रवासियों को वापस भेजा जाना चाहिए : शाह

**ढेकियाजुली/तिहु (असम) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह ''पर्याप्त नहीं है'', क्योंकि प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीस) लागू की जाएगी। शाह ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और दावा किया कि जब पार्टी सत्ता में थी, तो उसने ''वोट बैंक के लालच में'' सीमाओं को खुला रखा, जिससे राज्य की जनसांख्यिकी बदल गई। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली और नलबाड़ी के तिहु में चुनावी रैलियों को



संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा ने 10 साल पहले असम में घुसपैठियों को रोकने का वादा किया था और उस वादे को निभाया। शाह ने कहा, ''हालांकि, यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि हमें अगले पांच वर्षों में प्रत्येक अवैध प्रवासी को देश से बाहर भेजना होगा।'' उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों ने असम के मूल निवासियों के रोजगार छीन लिए हैं और गरीबों का अनाज हड़प लिया है। शाह ने दावा किया कि हिमंत विश्व शर्मा सरकार ने घुसपैठियों द्वारा कब्जा की गई 1.25 लाख एकड़ भूमि को मुक्त करा दिया है और अगले पांच वर्षों में शर्मा यह सुनिश्चित करेंगे कि एक इंच भूमि भी उनके कब्जे में न रहे।

## त्रिशूर में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में लोगों की भीड़ उमड़ी



**त्रिशूर (केरल) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रचार अभियान के तहत रविवार को यहां एक रोड शो किया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ने के कारण यह आयोजन एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में बदलता दिखा। स्वराज चौराहे पर जिला अस्पताल के पास से रोड शो शुरू हुआ और शहर के मध्य से होते हुए लगभग 900 मीटर की दूरी तय करते हुए बिनी हेरिटेज होटल के पास समाप्त हुआ। इस विशाल रोड-शो ने केरल की सांस्कृतिक राजधानी (त्रिशूर) को पार्टी के झंडों, उत्साहित समर्थकों और उत्सुक दर्शकों के समंदर में बदल दिया। पार्टी सूत्रों के अनुमान के अनुसार, लगभग 50,000 लोग उपस्थित थे। शाम की भीषण गर्मी की परवाह किए बगैर लोग रोड शो के लिए निर्धारित मार्ग के दोनों ओर घंटों पहले से एकत्र हो गए थे, हाथ हिला रहे थे, नारे लगा रहे थे और प्रधानमंत्री के सजे-धजे खुले वाहन से अभिवादन करते समय अपने मोबाइल फोन में उन पलों को रिकॉर्ड कर रहे थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने केरल की रैली में पारंपरिक वाद्य यंत्र 'चेंडा' बजाया

**पलक्कड़ (केरल) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कोट्टामैदानम में भाजपा की चुनावी रैली में पहुंचने पर पारंपरिक वाद्य यंत्र 'चेंडा' बजाया। केरल में नौ अप्रैल को चुनाव होगा। अपराह्न लगभग 2.15 बजे जब उनका हेलीकॉप्टर मर्सी कॉलेज के मैदान में उतरा, तो वहां बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने उनका स्वागत किया। सड़क के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र थे और प्रधानमंत्री ने हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। कार्यक्रम स्थल पर भाजपा नेताओं ने पारंपरिक कलाकृतियों से उनका स्वागत किया। जब उनके सामने एक चेंडा और छड़ियां लाई गईं तो भीड़ खुशी से झूम उठी। मोदी ने लगभग आधे मिनट तक कुछ धुनें बजाईं, जिस पर जोरदार तालियां बजीं। अपने लगभग एक घंटे के भाषण के दौरान, उन्होंने दो बार भीड़ में दो बच्चों को चित्रकारी करते हुए देखकर विराम लिया। मोदी ने बच्चों को संबोधित किया और उनसे कलाकृति पर अपने नाम और पते लिखने को कहा, साथ ही यह भी कहा कि वह उन्हें पत्र लिखेंगे।

## तमिलनाडु चुनाव : द्रमुक का महिलाओं के लिए 8,000 रुपये का 'इल्लैरसी' कूपन योजना शुरू करने का वादा



**चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने रविवार को 23 अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं को घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने/बदलने के लिए 8,000 रुपये मूल्य की 'इल्लैरसी' कूपन योजना शुरू करने की घोषणा की गई है। स्टालिन ने द्रमुक के सत्ता में लौटने पर शिक्षा, उद्योग और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई कल्याणकारी योजनाएं लागू करने का वादा किया। उन्होंने द्रमुक के चुनावी वादों को 'सुपरस्टार'करार दिया। द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के लिए जारी किए गए कूपन का इस्तेमाल टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, मिक्सर, माइक्रोवेव ओवन, इंडक्शन स्टोव जैसे घरेलू उपकरण खरीदने या उन्हें बदलने के लिए किया जा सकता है। स्टालिन ने कहा, ''यह नयी 'इल्लैरसी' योजना लागू की जाएगी। इस योजना के तहत, उन परिवारों की महिलाओं को, जो आयकर के दायरे में नहीं आती हैं, उनके निवास स्थान के आस-पास की दुकानों से इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के लिए 8,000 रुपये का एकमुश्त कूपन प्रदान किया जाएगा।''

## मन की बात:प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली जम्मू कश्मीर क्रिकेट टीम की तारीफ की



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने वाली जम्मू कश्मीर की क्रिकेट टीम की रविवार को तारीफ करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वहां के खिलाड़ियों की जीत का सिलसिला जारी रहेगा। रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के क्रिकेटप्रेमियों के लिये मार्च का महीना उत्साह और रोमांच से भरा रहा। उन्होंने कहा कि भारत ने जब टी20 विश्व कप जीता तो पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी देशवासियों को टीम की शानदार सफलता पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मैच में जम्मू कश्मीर क्रिकेट टीम ने रणजी ट्रॉफी जीती। मोदी ने कहा,'सबसे खुशी की बात है कि करीब सात दशक के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया। यह अभूतपूर्व सफलता खिलाड़ियों के कई बरसों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।' उन्होंने कहा,' जम्मू कश्मीर टीम के कप्तान पारस डोगरा ने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। अपने नेतृत्व से इस जीत में उन्होंने एक अहम योगदान दिया।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश में कश्मीर के युवा गेंदबाज आकिब नबी के प्रदर्शन की भी चर्चा हो रही है जिन्होंने रणजी सत्र में 60 विकेट लिये।

# रोहित और रिकलटन ने मुंबई इंडियंस का 13 सत्र के पहले मैच में हार का सिलसिला खत्म किया

**मुंबई :** मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में हार के लंबे सिलसिले को तोड़ते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की। इस जीत के नायक रहे रोहित शर्मा (78) और रेयान रिकलटन (81), जिन्होंने पहले विकेट के लिए 148 रन की रिकॉर्ड साझेदारी कर टीम को मजबूत आधार दिया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 67 रन की आक्रामक पारी खेली, जबकि युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने 51 रन बनाए। अंत में रिंकू सिंह ने 21 गेंद में नाबाद 33 रन जोड़कर टीम को 220 के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। रोहित



और रिकलटन ने पावरप्ले में ही 80 रन जोड़ दिए और केकेआर के गेंदबाजों को पूरी तरह बैकफुट पर ला दिया। रोहित ने महज 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक रहा। वहीं रिकलटन ने भी 38 गेंद में 81 रन की विस्फोटक पारी खेली। दोनों के आउट होने के बाद थोड़ी देर के लिए मैच में रोमांच बढ़ा। सूर्यकुमार यादव (16) और रिकलटन जल्दी पवेलियन लौटे, जबकि तिलक वर्मा ने 20 रन का योगदान दिया। हालांकि कप्तान हार्दिक पंड्या (नाबाद 18) ने संयम से खेलते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। मुंबई ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर जीत दर्ज की। केकेआर की ओर से वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और सुनील नारायण को एक-एक विकेट मिला, लेकिन वे मुंबई की तेज रनगति को रोकने में नाकाम रहे। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस ने 2012 के बाद पहली बार आईपीएल के अपने पहले मैच में जीत हासिल कर अपने पुराने रिकॉर्ड को बदल दिया और टूर्नामेंट में मजबूत शुरुआत की।

## रियान की परिपक्वता ने उन्हें अनुभवी खिलाड़ियों से पहले कप्तानी का जिम्मा दिलाया: संगकारा



**गुवाहाटी:** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के अपने शुरुआती मैच से पहले रविवार को रियान पराग को कप्तान नियुक्त करने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उनकी परिपक्वता और टीम के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण ने उन्हें अन्य दावेदारों से आगे रखा। राजस्थान ने असम के खिलाड़ी पराग को कई अनुभवी खिलाड़ियों पर तरजीह देते हुए इस आईपीएल सत्र के लिए कप्तान बनाया है। इस फैसले पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं कि पिछले साल उनकी कप्तानी में खेले गए आठ मैचों में से टीम ने केवल दो में जीत हासिल की थी। संगकारा ने चयन प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा, कुल पांच उम्मीदवार थे, जिनमें संदीप शर्मा और रवींद्र जडेजा भी शामिल थे। हमने कप्तान चुनने के लिए सख्त मानदंड तय किए थे। सभी उम्मीदवारों से विस्तार से बातचीत की गई और हमें लगा कि सभी में कप्तानी की क्षमता है, लेकिन रियान सबसे उपयुक्त उम्मीदवार के रूप में सामने आए।

## पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं मैरी कॉम



**नयी दिल्ली:** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैम्पियन भारतीय मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम ने रविवार को कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिये अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने 'संडे आन साइकिल्स' कार्यक्रम से इतर कहा ,' छह विश्व चैम्पियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिये अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है।' उन्होंने कहा,' अभी इस बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत करके वापसी की कोशिश में हूं ताकि लोगों को बता सकूं कि मैं क्या कर सकती हूं।' उन्होंने कहा,'मैं निजी तौर पर अपनी अकादमी से भी जुड़ी हूं। मैं मणिपुर आती जाती रहती हूं। कई बार मणिपुर के मौजूदा हालात के कारण मुश्किल हो जाती है लेकिन मैं जब नहीं जा पाती हूं तो भी फोन कॉल से अकादमी का कामकाज देखती हूं।'

# चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल्स के मुकाबले में अपनी पूर्व टीमों के मुकाबिल सैमसन, जडेजा

**गुवाहाटी:** पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आयेंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिये खेलने जा रहे हैं। पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिये खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के




नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे। सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरूआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं और उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन तथा गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी। धोनी की गैर मौजूदगी में 20 साल के बायें हाथ के स्पिनर हरफनमौला प्रशांत वीर को मौका मिल सकता है जिन्होंने घरेलू टी20 मैचों में प्रभावित किया। उनके अलावा 14 .2 करोड़ रूपये में खरीदे गए कार्तिक शर्मा भी फोकस में होंगे जो घरेलू सर्किट में छक्के लगाने के अपने हुनर के लिये जाने जाते हैं। चेन्नई की बल्लेबाजी मजबूत लग रही है चूंकि डेवाल्ड ब्रेविस अब परिपक्व हो चले हैं जबकि शिवम दुबे मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए हैं। युवा आयुष म्हात्रे भी तेजी से निखरते जा रहे हैं। गेंदबाजी में नूर अहमद , अकील हुसैन, मैट हेनरी और खलील अहमद जिम्मेदारी संभालेंगे। रॉयल्स के लिये सैमसन का जाना एक युग का अंक है और रियान पराग की कप्तानी में एक नये दौर की शुरूआत है जो अपने घरेलू मैदान से कप्तानी की शुरूआत करेंगे।

## इस उम्र में कोहली की ऊर्जा और जोश बेजोड़ : अश्विन



**बेंगलुरू:** विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए भारत के पूर्व आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद अपनी बेजोड़ ऊर्जा और जोश के दम पर जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। पिछले साल तीन जून को आईपीएल फाइनल जीतने के बाद पहली बार टी20 प्रारूप खेलते हुए कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 69 रन बनाये जिसकी मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल 2026 के पहले मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। अश्विन ने 'जियोस्टार' के शो पर कहा ,'वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं।' उन्होंने कहा ,'ऐसा लगता है कि वह लोगों को दिखा रहे हैं कि कैसे खेला जाता है। इसे जोरदार ढंग से खेलो और वैसे ही खेलो , जैसे खेला जाना चाहिये। विराट ने जो कुछ भी किया , उस लिहाज से यह बात मेरे लिये सबसे खास रही।' कोहली ने आईपीएल से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 93, 23 और 124 रन बनाये थे। इससे पहले दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में उन्होंने दो शतक समेत 302 रन बनाये थे।

## विश्व वुशू चैंपियनशिप में भारतीय चमके

**तियानजिन (चीन):** भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को यहां 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला।




वर्ष 11, पूर्णांक 3546 अंक 012 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in